GE
नगर संस्करण

# गुड इवनिंग

सांध्य दैनिक
इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

पेज-6
निगम के 90 लाख से अधिक दस्तावेजों को स्केन कर करेंगे सुरक्षित




अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, मंगलवार, 11 मार्च 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 08 ■ अंक : 346

www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

## Short News

### अमेरिकी मंदी के डर से निवेशकों में दहशत, सेंसेक्स और निफ्टी धड़ाम



**मुंबई।** अमेरिकी मंदी के डर से हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन भी निवेशकों में दहशत का माहौल रहा। अमेरिकी बाजार के धड़ाम होने के असर घरेलू कारोबार पर भी दिखा और सेंसेक्स करीब 400 अंक तक गिर गया, जबकि निफ्टी लुढ़ककर 22,500 से नीचे पहुंच गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 379.79 अंक गिरकर 73,735.38 अंक पर आ गया, जबकि निफ्टी 108.40 अंक गिरकर 22,351.90 अंक पर पहुंचा।

### एयर इंडिया में टॉयलेट बंद होने से शिकागो से दिल्ली आ रही फ्लाइट वापस लौटी



**नई दिल्ली।** 5 मार्च को एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 126, जो शिकागो से दिल्ली जा रही थी, को बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा। यह विमान बोइंग 777-300एफथा, जिसमें 300 यात्री सवार थे। उड़ान के दौरान टॉयलेट चोक हो गए, जिससे यात्रियों को परेशानी हुई। विमान से मिली तस्वीरों में दिखाया गया है कि विमान के टॉयलेट सिस्टम में एक बड़ा कपड़ा फंसा हुआ था। इसके अलावा, प्लास्टिक कचरा भी पाइप में फंसा मिला। जांच के दौरान पाया गया कि यात्रियों ने पॉलीथिन बैग, कपड़े और अन्य सामान टॉयलेट में फ्लश कर दिया था, जिससे पाइप जाम हो गए। विमान ग्रीनलैंड के ऊपर उड़ान भर रहा था, जब इसके 12 में से 8 टॉयलेट काम करना बंद कर दिए। उस समय यूरोप के कुछ शहरों में लैंडिंग का विकल्प था, लेकिन रात के समय संचालन प्रतिबंधों के कारण विमान को वापस शिकागो भेजने का फैसला किया गया।

### 15 महीने बाद खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ से हटाया निलंबन

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर 15 महीने पहले लगाया निलंबन तत्काल प्रभाव से हटा लिया है। डब्ल्यूएफआई में पिछले कुछ वर्षों से विवाद चल रहा था और खेल मंत्रालय के इस फैसले के बाद विवाद खत्म होने के आसार नजर आ रहे हैं। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति पर खेल संहिता के उल्लंघन के आरोप के चलते निलंबन लगाया हुआ था। कुश्ती की वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भी पिछले साल संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया था। इसके बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारत में कुश्ती का दैनिक कार्य देख रही भूपेंद्र सिंह बाजवा के नेतृत्व वाले तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय लिया था। डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष संजय सिंह को भले ही यूडब्ल्यूडब्ल्यू और आईओए से राहत मिल गई थी, लेकिन केंद्र सरकार से उन्हें राहत मिलने का इंतजार था जो अब जाकर पूरा हुआ।

# संजय सेतु पर पार्किंग के बाद भी सड़क पर गाड़ियों की कतार

## रात में दूसरे वाहन चालक होते हैं परेशान, फुटपाथ पर सजती हैं दुकानें




गुड इवनिंग, इंदौर

**शहर में कई जगह पार्किंग के स्थान बनाए गए हैं, इसके बावजूद कई लोग अपने वाहन सड़क पर ही खड़े करते है। ऐसे लोगों को यातायात पुलिस की कार्रवाई का भी डर नहीं रहता है, इन लोगों के कारण अन्य वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।**

कुछ इसी तरह का हाल है संजय सेतु का। इस मार्ग पर सुबह से रात तक बड़ी संख्या में वाहनों का आना जाना चलता रहता है। कई बार जब जवाहर मार्ग पर जाम लगता है तो यहां भी बड़ी संख्या में वाहनों का हुजूम देखा जा सकता है। ऐसे समय सड़क पर खड़े वाहनों की कतार अन्य वाहन चालकों की दिक्कत बढ़ा देती है। लोग चाहे तो यहां बनी पार्किंग में अपने वाहन खड़े कर सकते है लेकिन कई लोग ऐसा नहीं करते है। उन्हें यह नहीं लगता है कि सड़क पर वाहन खड़े करने से कई लोगों को दिक्कत हो सकती है। सड़क पर वाहन सीधे एक लाइन में खड़े रहे, तब तो फिर भी ज्यादा दिक्कत नहीं होती है लेकिन कोई वाहन चालक वाहन को बैतरतीब खड़ा कर देता है तो दिक्कतें बढ़ जाती है। इधर यहां कई बार फुटपाथ पर दुकानें भी लगी रहती है, ऐसे में पैदल आने जाने वाले सड़क पर चलते है। कुछ इसी तरह के हाल एमजी रोड़ के भी है, यहां सड़क के दोनों और दोपहिया वाहन बड़ी संख्या में खड़े रहते है, ऐसे समय कई बार कोई चार पहिया वाहन चालक वाहन सड़क पर खड़े करके रवाना हो जाता है, इससे भी परेशानी होती है। गौरतलब है कि यातायात पुलिस की टीम लगातार नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, इसके बावजूद भी लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे है। कार्रवाई के दौरान चार पहिया वाहनों के पहिए में लॉक लगा दिया जाता है, ऐसे समय कार चालक को जुर्माने की राशि जमा करना पड़ती है।

### कोई खास असर नहीं हो रहा कार्रवाई का

शहर में ट्रैफिक सुधार को लेकर कई तरह की कार्रवाई की जा रही है, इसके बावजूद भी ऐसा नहीं लग रहा है कि शहर के ट्रैफिक में सुधार हुआ हो। वर्तमान में भी रोजाना शाम और रात कई मार्ग जाम की गिरफ्त में आ जाते है। ऐसे में वाहन चालक जाम में फंसकर परेशान होते रहते है। अब तक हुई कार्रवाई में कई बैसमेंट में पार्किंग के स्थान भी बनाए गए है, इसके बावजूद कई लोग सड़क पर ही वाहन खड़े करते है।

### भगोरिया का रंग...



फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। आदिवासी क्षेत्र झाबुआ में भगोरिया का उत्साह जमने लगा है।

# गंगाजल पर राज ठाकरे के विवादित बयान से मची सियासी हलचल

## ठाकरे बोले- गंगाजल क्यों पीना चाहिए? मैं उस नदी में नहीं नहाऊंगा'

नई दिल्ली, एजेंसी

गंगाजल पर विवादित बयान के बाद देश की राजनीति में बवाल मच गया है। दरअसल, पिंपरी चिंचवाड़ में अपनी पार्टी के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए राज ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी के नेता बाला नंदगांवकर प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ से पवित्र जल लेकर आए थे, लेकिन उन्होंने इसे पीने से इनकार कर दिया। राज ठाकरे के अपमानजनक बोल पर सियासत भी खूब हो रही है। बीजेपी ने राज ठाकरे को आईना दिखाया तो शिवसेना को भी राज ठाकरे के बोल ठीक नहीं लगे।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे ने गंगा नदी की स्वच्छता और पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि वह ऐसी नदी में डुबकी नहीं लगाएंगे। राज ठाकरे ने गंगा की सफाई पर सवाल उठाते हुए लोगों से आग्रह किया, 'अंधविश्वास से बाहर आएं और अपने दिमाग का सही इस्तेमाल करें।' राज ठाकरे के लिए गंगाजल से आचमन करने वालों ने कहा, 'गंगाजल पर बयान देने से पहले अगर



वो सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट पढ़ लेते तो उनसे ये पाप नहीं होता। दरअसल सीपीसीबी ने अपनी ताजा रिपोर्ट में ये बताया है कि प्रयागराज में संगम का पानी स्नान के लिए उपयुक्त था। इस मामले में कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि 'संगम की हर बूंद पवित्र' है। वहीं एनसीपी (शरद पवार) के नेता रोहित पवार ने कहा, 'नेताओं को सोच समझकर बोलना चाहिए।' राज ठाकरे को लगता है कि देश में एक भी नदी ऐसी नहीं है, जो स्वच्छ और निर्मल है। राज ठाकरे ने शायद उन करोड़ों श्रद्धालु की बातें भी नहीं सुनी। जो संगम तट में डुबकी लगाकर खुद को धन्य मान रहे थे। गंगाजल का अपमान कर राज ठाकरे ने 66 करोड़ लोगों का अपमान किया है। कुछ लोग ये सवाल भी पूछ रहे हैं कि क्या राज ठाकरे लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगेगे।

## प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने लगाया गले

# मॉरिशस में पीएम मोदी को दिया गार्ड ऑफ ऑनर

पोर्ट लुईस, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे। पोर्ट लुईस में पीएम मोदी का मॉरीशस में भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम समेत शीर्ष हस्तियों ने पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम नवीन ने पीएम मोदी को माला पहनाई और गले लगाकर उनका अपने देश में अभिनंदन किया। इस दौरान पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

मोदी का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर कुल 200 गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे, जिनमें सांसद, विधायक, राजनयिक दल और धार्मिक नेता शामिल थे। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी द्वीपीय देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे। भव्य स्वागत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, 'मॉरीशस पहुंच गया हूं। मैं अपने मित्र प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र





रामगुलाम का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए आभारी हूं। यह यात्रा एक मूल्यवान मित्र से मिलने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशने का एक शानदार अवसर है। आज मैं राष्ट्रपति धरम गोखूल और प्रधानमंत्री रामगुलाम से मिलूंगा और शाम को एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करूंगा।' पीएम मोदी की मोदी की यह यात्रा मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान दोनों देश दक्षता विकास, व्यापार और सीमा पार वित्तीय अपराधों से निपटने के क्षेत्रों में सहयोग के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे।

### भारत में विदेशी निवेश का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत मॉरीशस

मॉरीशस में 12 मार्च को राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। भारत और मॉरीशस के बीच समुद्री सुरक्षा, विकास, क्षमता निर्माण में करीबी सहयोग है और लोगों के आपसी संबंधों काफी मजबूत हैं। यह नजदीकी खासकर उन विकास परियोजनाओं में दिखती है, जो भारत की मदद से मॉरीशस में बनाई गई हैं। भारत मॉरीशस का एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है। 2023-24 में मॉरीशस, सिंगापुर के बाद भारत में विदेशी निवेश का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। दोनों देशों ने फरवरी 2021 में एक व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौते (सीईसीपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जो दोनों देशों के बीच 15 वर्षों की वार्ता के बाद हुआ था। यह भारत और किसी अफ्रीकी देशे के बीच पहला व्यापारिक समझौता था।

### 3.13 लाख करोड़ की संपत्ति के साथ भारत की सबसे अमीर महिला बनीं रोशनी नाडार



**नई दिल्ली।** एचसीएल के संस्थापक शिव नाडार की बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा अब भारत की तीसरी सबसे अमीर हस्ती बन गई हैं। उनके पास 3.13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिससे उन्होंने सावित्री जिंदल को भी पीछे छोड़ दिया है। अंबानी और अडानी के बाद अब रोशनी नाडार तीसरे नंबर पर हैं। फोर्ब्स के अनुसार, अक्टूबर 2024 तक उनकी अनुमानित कुल संपत्ति 42 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, जो उन्हें दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक बनाती है। रोशनी नाडार को यह सफलता अपने पिता शिव नाडार से मिली, जिन्होंने अपनी 47% हिस्सेदारी ट्रांसफर कर दी। अब वे ल्ढ्छ टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन हैं, जो भारत की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी है। इस कंपनी का मार्केट कैप 4.20 लाख करोड़ रुपये है।

होली के पूर्व शहर में फाग उत्सवों को दौर जारी

# वाओ ग्रुप ने बोहो थीम पर मनाई हर्बल होली, फ्लॉवर से मनाई होली



गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में होली के त्योहार की तैयारियां शुरू होने के साथ ही शहर के सोशल ग्रुप्स भी इसे सेलिब्रेट कर रहे है। कई जगहों पर फॉग उत्सव तो कही पर फ्लावर होली भी खेली जा रही है। शहर के वाओ वर्ल्ड ऑफ वुमन ग्रुप द्वारा होली सेलिब्रेट करने के उदेश्य से रंगलीला 4.0 का आयोजन किया गया। ग्रुप की फाउंडर सुरुचि मल्होत्रा ने बताया की हर साल की तरह इस बार भी ग्रुप मेंबर्स के लिए होली पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें सभी मेम्बर्स वाइट कलर थीम में शामिल हुए। महिलाओं के लिए सुरक्षित व ऑर्गेनिक होली मनाने के लिए हर्बल गुलाल फ्लावर का ध्यान रखा गया। साथ ही इस बार बोहो के थीम पर आयोजन किया गया, जिसमें आयोजन स्थल को बोहो और कलर फुल रूप दिया गया सभी चीजे ऑर्गेनिक राखी गई। इसी के साथ फेमस डांसर इनफ्लुएंसर तरुण नामदेव ने मेंबर्स के साथ डांस किया और स्पेशल होली डांस परफार्मेंस भी दी। आयोजन की शुरुआत गेम्स के साथ हुई डांस के साथ फूलों की होली खेली गई। ग्रुप मेंबर्स के लिए बेस्ट ड्रेस , बेस्ट गेटअप , बेस्ट डांस जैसे गिफ्ट भी रखे गए। सभी को गुलाल व टियारा लगा कर वेलकम किया गया।

## रंगभरी एकादशी पर अंजनि मातृशक्ति की ओर से विद्याधाम पर फाग की धूम

गुड इवनिंग, इंदौर

विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में मां अंजनि मातृशक्ति मंडली द्वारा सोमवार को रंगारंग फाग महोत्सव का आयोजन रंगभरी एकादशी के उपलक्ष्य में धूमधाम से किया गया।

इस मौके पर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि फाग का त्योहार उत्साह और उमंग को बढ़ाता है। राधा और कृष्ण भी फाग महोत्सव में नृत्य करने से प्रसन्न होते हैं। उनकी प्रसन्नता की हमारा प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। मंडल की ओर से कीर्ति शर्मा, सीमा अग्रवाल, सरस्वती शर्मा तृप्ति पाराशर एवं सविता सोनी के साथ सैकड़ों बहनों ने मां परामबा के साथ गुलाल और 151 किलो फूलों से फाग का आनंद लिया। राधा-कृष्ण बनकर आई सखियों ने मनोहारी भजन प्रस्तुत किए और सैकड़ों बहनों ने नाचते-गाते हुए पूरे उल्लास के साथ इस उत्सव का आनंद लिया। करीब तीन घंटे तक चले इस महोत्सव में सखियों का उत्साह निरंतर बढ़ता ही गया। मयूर नृत्य में भी बहनों ने उत्साह से भाग लिया।



## अग्रवाल बहुल समाजबंधुओं ने हर्षोल्लास से मनाया फाग, खेली फूलों की होली

गुड इवनिंग, इंदौर

अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर की मेजबानी में पहली बार शहर की अग्रवाल बाहुल्य 20 कालोनियों के समाजबंधुओं का रंगारंग फाग महोत्सव परदेशीपुरा स्थित शिवधाम मंदिर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर समाजबंधुओं ने शहर को स्वच्छता में आठवीं बार अग्रणी बनाए रखने और यातायात व्यवस्था में भी अव्वल बनाने जैसे संकल्प व्यक्त किए। फाग गीतों के बीच समाजबंधुओं ने फूलों की होली भी खेली।

कार्यक्रम की बागडोर मुख्य रूप से मातृशक्ति के हाथों में रही, जिनमें श्रीमती सोनल मित्तल, अर्पिता अग्रवाल, नीति अग्रवाल, श्वेता गोयल, मेघा अग्रवाल, आरती गोयल, रीना अग्रवाल, सविता अग्रवाल, मीनल मित्तल एवं उनकी टीम का उल्लेखनीय योगदान रहा। इस अवसर पर प्रारंभ में श्रीमती सोनम अकाश विजयवर्गीय, श्रीमती चीना गोलू शुक्ला, श्रीमती संगीता विजयवर्गीय ने कुलदेवी महालक्ष्मी एवं पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन का पूजन एवं आरती कर महोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में समाजसेवी विष्णु बिंदल, अरविंद बागड़ी, गणेश गोयल, विजय मित्तल, जगदीश बाबाश्री, राजेश विजयवर्गीय सहित अग्रवाल समाज के वरिष्ठ गणमान्य समाजसेवी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत सुरभि मित्तल, स्वाति मंगल, मनीषा अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, मोहिनी गुप्ता, ज्योति बंसल, सुशीला अग्रवाल, ममता अग्रवाल एवं आभा अग्रवाल ने किया। मंच की ओर से सोनू अग्रवाल, अजय मित्तल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, अरुण गोयल, विष्णु अग्रवाल, कमलेश सिंघल, अक्षय मित्तल, सुरेश ऐरन, कैलाश मित्तल, विनय गुप्ता, मनोहर अग्रवाल ने समाजबंधुओं के साथ राधा-कृष्ण के फाग गीतों पर नाचते-गाते हुए फूलों की वर्षा के बीच फाग का आनंद लिया। इस मौके पर सभी समाजबंधुओं ने शहर को स्वच्छता में आठवीं बार भी अव्वल बनाए रखने और यातायात व्यवस्था में अग्रणी बनाए रखने के संकल्प भी लिए।



## सिंगापुर में भारतीय शास्त्रीय संगीत का जादू फैला रही इंदौर की बेटी आरुषि भार्गव

### सनातन संगीत पुरस्कार-2025 से सम्मानित

गुड इवनिंग, इंदौर

सात समंदर पार सिंगापुर में भारतीय शास्त्रीय संगीत का जादू फैला रही इंदौर की बेटी आरुषि भार्गव को हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित सनातन संगीत पुरस्कार-2025 से हाल ही में दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर पर आयोजित एक गरिमापूर्ण समारोह में सम्मानित किया गया। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारुख अब्दुल्ला ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया।

ग्वालियर घराने की परंपराओं से जुड़े प्रख्यात गायक और संगीतज्ञ, शास्त्रीय संगीत महाविद्यालय में पदस्थ सुनील मसूरकर के मार्गदर्शन में गायन और संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली आरुषि शिशुकुंज स्कूल की पूर्व छात्रा रही है। उनका जन्म भी इंदौर में ही संदीप भार्गव परिवार में हुआ है और वे इंदौर में ही पली-बढ़ी हैं। उनकी संगीत यात्रा उनके माता-पिता की प्रेरणा और आशीर्वाद से लगातार आगे बढ़ती रही। फलस्वरूप उन्होंने पूरे अनुशासन और निष्ठा के साथ हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्राप्त की है।

वर्तमान में वे सिंगापुर में भारतीय शास्त्रीय संगीत के जादू को फैलाते हुए वहां कार्यरत हैं। उनका नवीनतम लाइव प्रदर्शन इको ऑफ यमन, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में राग यमन के माध्यम से काफी लोकप्रिय हो रहा है। अपने बैंड के साथ वे भारतीय सिनेमा में राग यमन को गिटार, बास और पर्क्यूशन जैसे पश्चिमी स्वरों के साथ नए स्वरूप में प्रस्तुत कर रही हैं। उनकी प्रस्तुतियां सिंगापुर में तो धूम मचा ही रही हैं, सोशल मीडिया एवं अन्य बड़े प्रचार माध्यमों के जरिए सारी दुनिया में अपना जादू बिखेर रही हैं।



दिल्ली में आयोजित इस समारोह में उनके साथ एनडी टीवी की पूर्व वरिष्ठ संपादक श्रीमती ज्योत्सना मोहन, प्रख्यात लेखक एलेन शा, स्टार्टअप पॉलिसी फोरम की सीईओ और अध्यक्ष श्वेता राजपाल कोहली एवं प्रख्यात कत्थक डांसर, बिरजू महाराज की पोती रागिनी महाराज को भी इस सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में आरूषी भार्गव ने शास्त्रीय संगीत की चुनिंदा प्रस्तुतियां देकर वहां मौजूद सभी मेहमानों का दिल जीत लिया।

## स्नेह नगर स्थित अग्रसेन विद्यालय पर फन फेयर में बच्चों ने लिया आनंद

गुड इवनिंग, इंदौर

स्नेह नगर स्थित श्री अग्रसेन विद्यालय पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों के स्कूली एवं 2 से 7 वर्ष आयु के नन्हें मुन्ने बच्चों का फन फेयर आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने मैजिक शो, ट्रेम्पोलिन, टैलेंट शो, ड्राइंग, टैटू, कविता, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता पर आधारित विषयों पर आधारित गैम्स का आनंद लिया।

करीब एक हजार बच्चों की मौजूदगी में स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष रसनिधि गुप्ता, विजय मित्तल, अमित गुप्ता, उमाकांत गर्ग, अर्पित मित्तल एवं महेश सांघी ने विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मृदुला पाटनी एवं श्रीमती मीनल सोले के साथ बच्चों को योग, पेंटिंग, कम्प्यूटर ज्ञान और अन्य गतिविधियों के बारे में प्रारंभिक जानकारी दी। बच्चों ने पूरी दिलचस्पी के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया। इस फन फेयर के दौरान अनेक बच्चों के माता-पिता भी साथ आए थे। स्कूल की ओर से बच्चों को आकर्षक उपहार भी भेंट किए गए। अनेक पालकों ने इस दौरान स्कूल में अपने बच्चों के प्रवेश के लिए भी उत्साह दिखाया। विद्यालय की स्थापना पद्मश्री मैत्रेयी पद्मनाभम बड़ी टीचर के मार्गदर्शन में 1987 में 105 बच्चों के साथ हुई है। उसके बाद से लगातार 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाओं में प्रावीण्य सूची में नाम दर्ज कराते हुए वर्तमान में एक हजार से अधिक बच्चे यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।



## अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र ने होलिका दहन में गोकाष्ठ का ही प्रयोग करने का निर्णय लिया

इंदौर। अग्रवाल समाज हाई क्षेत्र पालदा एवं वरुण विक्ट्री रहवासी संघ द्वारा इस बार होलिका दहन में गोकाष्ठ का ही उपयोग किया जाएगा। किसी भी तरह की लकड़ी एवं अन्य पदार्थों का उपयोग होलिका दहन में वर्जित रहेगा। यह निर्णय दोनों संगठनों की बैठक में लिया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख संस्थापक अरविंद बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सतीश गोयल, मनीष मन्नू अग्रवाल, विकास मित्तल, दिलीप अग्रवाल पालदा, अनिल अग्रवाल बड़वाह, मुकेश मंगल, नारायण ऐरन, मोहन गर्ग, निखार बंसल एवं शीतल तोड़वाला सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित थे, जिन्होंने होलिका दहन में लकड़ी एवं अन्य पदार्थों के उपयोग पर असहमति व्यक्त करते हुए सवार्नुमति से संकल्प किया कि इस बार 13 मार्च को होलिका दहन पर वरुण विक्ट्री परिसर में गोकाष्ठ का ही उपयोग किया जाएगा।

संस्कृत भारती मालवा की प्रान्तीय समीक्षा योजना गोष्ठी का आयोजन

## संस्कृत भाषा की कार्य राष्ट्र की सेवाः डॉ सचिन कठाले

गुड इवनिंग, इंदौर

किसी भी कार्य को करने के लिए एक उचित प्रक्रिया और एक उचित पद्धति का होना भी आवश्यक है। यदि हमारे पास उचित प्रक्रिया पद्धति और व्यवस्था नहीं है, तो हम किसी भी कार्य को ठीक ढंग से नहीं कर सकते एक निश्चित योजना के साथ किया जाने वाला कार्य निसंदेह रूप से सफलता को प्राप्त करता है और विधिवत पद्धति से जब हम कार्य करते हैं तो हो सकता है कि वह कार्य धीमी गति से हो, लेकिन एक दिन लक्ष्य को प्राप्त कराने वाला होता है। यदि हम किसी व्यक्ति विशेष का कार्य करते हैं तो उसमें गुण या दोष हो सकते हैं। वह व्यक्ति अथवा कार्य करने वाला व्यक्ति ईर्ष्या और द्वेष से ग्रस्त हो सकते हैं, किंतु यदि हम संगठन का कार्य करते हैं तो वह समर्पण का कार्य होता है और जो समर्पण का कार्य होता है, वह देवीय कार्य होता है। संस्कृत भाषा का प्रचार प्रसार करना और जन-जन तक संस्कृत भाषा को पहुंचाना यह संस्कृत भारती का कार्य है। जो भी व्यक्ति यह कार्य कर रहा है, वह संस्कृत भारती का कार्यकर्ता है। संस्कृत भाषा की कार्य राष्ट्र की सेवा और ईश्वरीय कार्य समझ कर करना चाहिए, क्योंकि यदि संस्कृत भाषा जन-जन की भाषा होगी तो भारत में पुनः संस्कृति और धर्म की प्रतिष्ठा हो सकेगी।



यह विचार संस्कृत भारती के अभा प्रचार प्रमुख डॉ. सचिन कठाले ने व्यक्त किए। वे संस्कृतभारती मालवा के समीक्षा योजना गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मध्यक्षेत्र संयोजक भरत बैरागी ने कहा कि देवीय कार्य के करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। यही धर्म भी कहता है यदि हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म भी हमारी रक्षा करेगा धर्मो रक्षति रक्षित।

प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि गोष्ठी में 17 जिलों से 34 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। गोष्ठी को चार सत्रों में विभाजित किया गया। इसमें से दो सत्रों में गत वर्ष के किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। उससे निकले गुण दोषों के आधार पर अन्य दो सत्रों में आगामी वर्ष के लिए कार्य योजना तैयार की गई।

प्रान्त मंत्री सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि गोष्ठी में संस्कृत भारती के सभी आयामों पर चर्चा करते हुए युवाओं महिलाओं और बच्चों को लक्ष्य बनाकर संभाषण शिविर तथा बालकेंद्र चलाने पर बल दिया गया। साथ ही सरल रूप से संस्कृत सिखाने के लिए साप्ताहिक मेलन केंद्र के संचालन को आवश्यक बताया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता प्रान्ताध्यक्षा सीमा जिंदल ने की। विशेष अतिथि न्यास अध्यक्ष हेमंत मूंगी, मंत्री सुरेंद्र शर्मा, सह मंत्री महेंद्र मिसर, प्रशिक्षण प्रमुख प्रवेश वैष्णव आदि थे। संचालन विभाग संयोजक योगेश शर्मा ने किया।

# शहर में रंग पंचमी पर निकलेगी रंगारंग गेर

## गेर की व्यवस्थाओं को लेकर आयोजकों के साथ प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की हुई बैठक

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में 19 मार्च को रंग पंचमी का पर्व परम्परागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन शहर के तय मार्गों से रंगारंग गेर भी निकाली जाएगी। पूरा शहर रंगों से सराबोर रहेगा। गेर में हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यह जानकारी सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में गेर की व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह और कलेक्टर आशीष सिंह की उपस्थिति में हुई बैठक में दी गई। बैठक में आयोजकों के साथ जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि गेर आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई है। गेर शहर में परम्परागत रूप से तय मार्गों से निकाली जाएगी। राधा-कृष्ण फाग यात्रा के साथ टोरी कार्नर, मारल क्लब, रसिया कार्नर, संगम कार्नर और जूनी इंदौर क्षेत्र से माधव फाग यात्रा निकलेगी। आयोजकों ने गेर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर आशीष सिंह ने गेर आयोजकों से कहा कि वे अपनी-अपनी गेर तय समय के साथ तय क्रम से ही निकाले। समय एवं अनुशासन का विशेष रूप से पालन करें। वे यह तय करें कि किसी भी तरह की हुड़दंग नहीं हो। पूर्ण शालीनता



बनी रहे। कोई भी अवांछित सामग्री का उपयोग नहीं करें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि इंदौर की गौरवशाली परम्परा गेर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए आर्थिक मदद भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गेर के दौरान ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का पालन किया जाए। अश्लील और अभद्र गाने नहीं बजाए जाए। उन्होंने बताया गेर को यूनेस्कों की धरोहर सूची में शामिल करने का प्रयास जारी है। भारत सरकार के संस्कृति विभाग को आगामी कार्यवाही के लिए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। व्यवस्थाओं को देखते हुए सभी स्वागत मंच रोड के एक ही तरफ लगवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गेर में किसी भी तरह की हुडदंग करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। हथियार सहित पकडें जाने पर संबंधित असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गेर के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे। सीसीटीवी और वीडियों कैमरों के माध्यम से सतत् निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे गेर मार्ग को सेक्टर के रूप में विभाजित कर सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे। सेक्टर वाईज कंट्रोल रूम भी बनाया जाएंगे। सुरक्षा प्रबंध के लिए पूरे मार्ग पर डीसीपी को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा।

# शहर की 34 प्रमुख शराब दुकानों को लेने तीसरी बार भी कोई नहीं आया

## दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर की 34 प्रमुख शराब दुकानों को खरीदने के लिए कोई भी शराब ठेकेदार रुचि नहीं दिखा रहा है। इसके कारण कल हुई नीलामी की तीसरी प्रक्रिया में भी ये दुकानें बिकने से रह गईं । चौंकाने वाली बात यह है कि 34 दुकानों में से एक भी दुकान के लिए एक भी शराब ठेकेदार ने आवेदन तक नहीं किया। इसे देखते हुए अब आबकारी विभाग ने दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसे 13 मार्च को खोला जाएगा। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा हर वित्तीय वर्ष में शराब दुकानों के नए लाइसेंस जारी किए जाते हैं। 1 अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष के लिए शहर की 173 दुकानों को बेचने के लिए फरवरी से प्रक्रिया चल रही है, लेकिन तीन चरणों के बाद भी इनमें से 34 दुकानों को एक भी खरीदार नहीं मिल रहा है। शासन द्वारा नई शराब



नीति में दुकानों की कीमत 20 प्रतिशत बढ़ाई गई है। शराब व्यापारी इन दुकानों की कीमत ज्यादा होने की बात कहते हुए इन्हें खरीदने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। शराब दुकानों का पहले से संचालन करने वाले व्यापारियों को शासन ने पहले नवीनीकरण का अवसर दिया था। इसमें 64 दुकानों के लाइसेंस नवीनीकरण में मौजूदा ठेकेदारों ने आवेदन नहीं किए थे। इस पर इन दुकानों को लॉटरी से नीलाम करने की प्रक्रिया की गई थी। इसमें भी 30 ही दुकानें नीलाम हो पाईं और 34 दुकानें रह गईं। इन दुकानों को बेचने के लिए आबकारी विभाग ने 4 से 8 मार्च के बीच टेंडर बुलवाए थे। कल इन्हें खोला गया तो सामने आया कि इन दुकानों को खरीदने के लिए एक भी आवेदन विभाग को नहीं मिला है। इन दुकानों को 13 समूहों में बांटकर शासन ने 304 करोड़ रुपए कीमत तय की है, जिसे शराब व्यापारी काफी ज्यादा बता रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो जो दुकानें बिकने से रह गई हैं, उनमें शहर के प्रमुख क्षेत्रों जैसे राजबाड़ा, पलासिया, अग्रसेन चौराहा, मालवा मिल, महू नाका, एमजी रोड, जीपीओ चौराहा, पलसीकर कॉलोनी, राजेंद्र नगर, जवाहर मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य दुकानें शामिल हैं। लेकिन मौजूदा सत्र में इन दुकानों से कीमत के अनुपात में लाभ न होने से व्यापारी इन्हें बढ़ी हुई कीमत पर लेने को तैयार नहीं हैं, जिसके कारण आशंका है कि इस बार शुरू हुई नीलामी भी खाली ही जाएगी।

### पोर्टल पर कम बोली का विकल्प ही नहीं

व्यापारियों ने बताया कि पहले शासन द्वारा दुकान की कम कीमत से कम बोली लगाने का विकल्प भी दिया जाता था, लेकिन इस बार तय कीमत से कम पर बोली लगाने का विकल्प मौजूद ही नहीं है, जिसके कारण जो व्यापारी कम कीमत पर दुकान लेने के इच्छुक हैं, वे चाहकर भी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि अगर आगे भी टेंडर नहीं मिलते हैं तो संभवतः कम कीमत पर आवेदन का विकल्प खोला जा सकता है। कम कीमत पर आने वाले आवेदनों को पहले की ही तरह शासन को भेजा जाएगा और अगर शासन मंजूर करता है तो कम कीमत पर भी दुकानें नीलाम की जाएंगी।

## फिर नाम से भी दस्तावेज को किया जा सकेगा सर्च

# निगम के 90 लाख से अधिक दस्तावेजों को स्कैन कर करेंगे सुरक्षित



गुड इवनिंग, इंदौर

नगर निगम इंदौर के डॉक्यूमेंट के डिजिटाइलेशन कार्यो का सोमवार को महापौर के द्वारा पुराने परिषद भवन में निरीक्षण किया गया। इस मौके पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के डिजिटल भारत के सपने को पूरा करने का नगर निगम द्वारा प्रयास किया जा रहा है, भविष्य में आने वाले 10 से 15 वर्ष के बाद नवीन तकनीक कैसी होगी, इसको ध्यान में रखते हुए, नगर निगम इंदौर द्वारा ग्रीन इंदौर, क्लीन इंदौर के साथ ही डिजिटल इंदौर को लेकर नगर निगम के 90 लाख से अधिक दस्तावेजो की सुरक्षा को देखते हुए निगम के भवन अनुज्ञा व लीज शाखा के दस्तावेजों को स्कैन कर सुरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। बाकी विभागो के दस्तावेजो को भी चरणबद्ध तरीके से सुरक्षित करने का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की पहली नगर निगम इंदौर है, जहां पर इतने बड़े पैमाने पर दस्तावेजो को सुरक्षित किया जा रहा है, यह रेकार्ड निगम की ताकत है, जनता के लिए और जनता के भविष्य के लिए डॉक्यूमेंट के डिजिटाइलेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी प्रभारी राजेश उदावत ने कहा कि वेब बेस्ड डीएमएस एप्लीकेशन के माध्यम से 90 लाख से अधिक महत्वपूर्ण दस्तावेजो व रिकॉर्ड्स का डिजिटलीकरण करने का कार्य जारी है, डिजिटलीकरण प्रक्रिया के दौरान संबंधित विभाग से दस्तावेज प्राप्त कर, दस्तावेज को स्कैन फिर दस्तावेज स्कैन के दौरान कोई त्रुटि मिलती है तो उसका सुधार, फिर डेटा एंट्री कर, स्कैन पेज की क्यूसी तैयार करना, निगम स्टाफ से क्यूसी व अनुमोदन कर सर्चेबल पीडीएफ का निर्माण किया जा रहा है, ताकि दस्तावेजो को नाम के आधार से भी सर्च किया जा सके।

# प्रगतिशील सोच के साथ सुनहरे भविष्य का निर्माण



गुड इवनिंग, इंदौर

**लॉयन्स क्लब की रीजन कान्फ्रेंस समष्टि का सफल आयोजन**

लॉयंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1, रीजन 06 ऊर्जा की रीजन कान्फ्रेन्स समष्टि का आयोजन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑडिटोरियम, स्थित आठवीं मंजिल कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में स्वप्निल कोठारी ने प्रगतिशील सोच के साथ सुनहरे भविष्य का निर्माण विषय पर अपना उद्बोधन दिया। आपने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं की सोच वरिष्ठों की सोच से काफी अलग हैं। साथ ही उनके द्वारा किए गए कार्य सराहनीय है । आपने उदाहरण देकर इसे काफी अच्छी तरह से समझाया । लॉयंस इंटरनेशनल द्वारा संचालित आठ गतिविधियों आपदा राहत, मानवता पर कार्य, भूख, बच्चों का कैंसर, युवा, पर्यावरण, मधुमेह एवं दृष्टि पर लॉयंस रीजन 06 के सभी क्लब द्वारा पिछले वर्ष मे किए गए श्रेष्ठ सेवा कार्यों के लिए रीजन चेयरपर्सन लायन डॉ. राजेन्द्र के सोडानी एवं लायन डॉ. साधना सोडानी द्वारा सम्मानित किया गया। आने वर्ष के लिए सेवा कार्यों की रूपरेखा तैयार कर उसपर चर्चा की गई। इसी कड़ी में लॉयन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के सभी पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वर्षा झालानी द्वारा गीतों की, मनीष यादव सेक्सोफोन एवं श्रेयांश वर्मा द्वारा गिटार पर प्रस्तुति दी गई। बेबी वाणी सोडानी एवं इदया सिंघल द्वारा की गई शिव स्तुति ने सबका मान मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लॉयन कुलभूषण मित्तल थे। कांफ्रेंस में 300 लॉयन्स सदस्यों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन लॉयन डॉ. साधना सोडनी एवं लॉयन रेनू सिंघल द्वारा किया गया। आभार लॉयन्स क्लब महानगर के अध्यक्ष लॉयन सूरज जायसवाल द्वारा माना गया।

# 9 तहसीलदार और नायब तहसीलदारों पर लगाई पेनल्टी

गुड इवनिंग, इंदौर

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि इंदौर जिले में नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरण समय सीमा में सहजता के साथ निराकृत किए जाएं। प्रकरणों के निराकरण में जीरो टॉलरेंस रखी जाए। किसी भी आवेदक को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। कलेक्टर ने समय-सीमा में राजस्व प्रकरण निराकृत नहीं करने पर 9 तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 44 प्रकरणों में प्रति प्रकरण के मान से 250 रुपए की पेनल्टी लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लगाई है।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ अमले पर नियंत्रण रखे और उनके कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करे। कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समय सीमा के पत्रों की निराकरण (टीएल) की बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर गौरव बेनल, स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण को प्राथमिकता दी जाए। यह करें कि हर प्रकरण समय सीमा में निराकृत हो।

# इंदौर बार एसोसिएशन के चुनाव 15 अप्रैल को, उम्मीदवारों ने मैदान पकड़ा

गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर बार एसोसिएशन के चुनाव की तिथि घोषित हो गई। चुनाव 15 अप्रैल को जिला कोर्ट परिसर में होंगे। चुनाव की तिथि घोषित होने के लगभग दो माह पहले से दावेदार सक्रिय होकर सोशल मीडिया पर जोरदार प्रचार के साथ जिला कोर्ट में भी प्रचार शुरू कर चुके हैं। चुनाव की तिथि घोषित होने से अब यह प्रचार और जोर पकड़ेगा। मतदान मे साढ़े चार हजार वकील सदस्य मतदान करेंगे। इंदौर बार एसोसिएशन के वर्ष 2025-26 के निर्वाचन के लिए गठित समिति की बैठक सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी विवेक बापना की अध्यक्षता में हुई, जिसमें निर्वाचन कार्यक्रम तय किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी, एडवोकेट महेंद्र मौर्य ने बताया मतदान 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे से शाम 4.30 बजे तक होंगे। उसके बाद मतगणना शुरू होगी और देर रात तक परिणाम घोषित होंगे। इससे पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया 2 अप्रैल से होगी। अधिवक्ता मौर्य ने बताया 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक नामांकन-पत्र वितरण होंगे। 5 से 8 अप्रैल तक नामांकन पत्र जमा होंगे। 9 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी एवं 11 अप्रैल को वैध नामांकन पत्रों की सूची प्रकाशित होगी। 12 अप्रैल को दोपहर में नाम वापस लिए जा सकेंगे और उसी दिन शाम को प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। आकस्मिक स्थिति में मतदान कार्यक्रम में संशोधन किया जाएगा।

# पूजन में जुट रहे जैन समाजजन

गुड इवनिंग, इंदौर

श्री दिगंबर जैन नरसिंगपुरा समाज पंचायत ट्रस्ट लाल मंदिर जी पर श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में एवं प्रभु भक्ति में लीन साधर्मी बंधुओं के साथ प्रारंभ हुआ। प्रभु श्रीजी के अभिषेक के साथ आज की शांति धारा के श्रावक श्रेष्ठी पूर्व अध्यक्ष आदेश्वर जैन एवं आशिष जैन परिवार ने पुण्य प्राप्त किया।

श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान को प्रारंभ हुए चतुर्थ दिवस है। श्रीजी के अभिषेक शांति धारा के बाद श्रीमान आदरणीय पंडित भरत शास्त्री के सानिध्य में विनय पाठ की शु०आत हुई एवं नित्य पूजन करते हुए श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान की पांचवीं पूजा कर 256 अर्घ क्रम



वार जोड़ों के साथ प्रभु को समर्पित किए गए। प्रचार प्रमुख प्रवीण जैन ने बताया कि आज बहुत ही मनोहारी एवं भव्य प्रभुजी के झूलें का अनावरण श्री दिगंबर जैन नरसिंगपुरा महिला मंडल की तृप्ति जैन कल्पना जैन के साथ महिला मंडल ने अनावरण किया। साथ ही पं भरत शास्त्री ने श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान ओर पूजा कैसे की जाती है और प्रभुजी को अष्ट द्रव का क्या महत्व है एवं विनय पाठ को किस तरह समझ कर निरंतर करना चाहिए और बहुत ही रोचक तथ्यों के साथ धर्म की जानकारी सभी धर्म प्रेमी बंधुओं को समझाते हुए आज की पूजा संपन्न करवाईं। अध्यक्ष मुकेश जैन, हर्ष जैन, अनिल विशाखा, विदर्भ जैन,सनत जैन, आशीष जैन, संजय जैन, मनीष जैन, अजित जैन, के साथ अनेक समाज जन उपस्थित हुए।

# प्रदेश का पहला आईकॉनिक भवन होगा निगम मुख्यालय का भवन

इंदौर। निगम के नए भवन निर्माण कार्यो का महापौर द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान महापौर ने निगम मुख्यालय में बन रहे भवन के बाकी रहे कार्यो के संबंध में जानकारी ली, महापौर ने कहा कि जल्द ही बाकी रहे कार्य पूर्ण होने के बाद बारिश के पहले निगम के विभिन्न विभागो को स्थानांतरित करने का कार्य किया जाएगा, उक्त भवनो में फर्नीचर, बैठक, पेयजल व्यवस्था के साथ ही शौचालय व्यवस्था आदि के कार्य भी जल्द ही पूरे कर लिए जाएंगे। इसके साथ ही निगम के पुराने भवन के स्थान पर नवीन भवन निर्माण को लेकर भी वर्तमान में किए जा रहे टेण्डर प्रक्रिया के संबंध में संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा निगम का नवीन भवन प्रदेश का पहला आयकॉनिक भवन बनेगा।

# ट्रैफिक सिग्नल फ्री शहर बनाने की योजना पर काम कर रही सरकार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का होगा इस्तेमाल

गुड इवनिंग, इंदौर

प्रदेश सरकार इंदौर को ट्रैफिक सिग्नल फ्री शहर बनाने की योजना पर काम कर रही है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी । अधिकारी ने कहा कि ट्रैफिक मैनेजमेंट को स्मार्ट बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी। अधिकारी ने बताया कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग इंदौर को सिग्नल रहित शहर बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इस



पहल का मकसद शहर में ट्रैफिक को निर्बाध रूप से संचालित करना है। योजना के तहत फ्लाईओवर, बाईलेन, अंडरपास और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम जैसी पहलों को लागू किया जा रहा है। योजना के पूरा होने पर नागरिकों की यात्रा का समय कम होगा और ट्रैफिक सुचारू रहेगा। इसमें कहा गया है कि सिग्नल फ्री योजना तेजी से बढ़ते शहरी यातायात को सुगम बनाने और यात्रा समय को कम करने में मदद करेगी। आधिकारिक विज्ञप्ति में यह भी जानकारी दी गई है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर मध्य प्रदेश के शहरी मार्गों पर 1330 बसें चल रही हैं। शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पीएम ई-बस सेवा में 552 ई-बसों की खरीद का प्रस्ताव केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय को भेजा गया है। यही नहीं भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन और सागर के लिए बस डिपो इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुमानों को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही भोपाल, जबलपुर, उज्जैन और सागर के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुमानों को मंजूरी दी गई है। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि भोपाल, इंदौर और जबलपुर में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन को बढ़ावा देने के लिए विभाग की ओर से 217 ई-चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने का काम किया जा रहा है।

### एम्स भोपाल को हाइटेक बनाने की तैयारी

# दिल्ली के बाद अब भोपाल एम्स में रोबोटिक सर्जरी हुई शुरू

गुड इवनिंग, भोपाल

*मप्र में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए जहां एक तरफ प्रशासन लगातार प्रयास कर रही है। तो वही दूसरी तरफ भोपाल एम्स को हाईटेक बनाया जा रहा है। ताकि मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार मिल सके। इसी कड़ी में एम्स भोपाल में पहली रोबोटिक सर्जरी की गई। जहां डॉक्टर्स ने रोबर्ट के जरिये स्पाइन की सर्जरी की। सफलता पूर्वक ऑपरेशन को लेकर डॉक्टर्स में खुशी की लहर है। एम्स में रोबोट द्वारा दो स्पाइन सर्जरी डॉ. वीके वर्मा एवं डॉ. पंकज मिश्रा द्वारा की गई, जो कि सफल रही और मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं। इस सफलता में एनेस्थीसिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वैशाली एवं डॉ. जेपी शर्मा का विशेष सहयोग रहा। ऑर्थोपेडिक विभाग के प्रमुख डॉ. रेहान उल हक ने बताया कि रोबोट का उपयोग स्पाइन के साथ-साथ पेल्विक इंजरी की सर्जरी में भी मददगार सिद्ध होगा।*

भोपाल एम्स में रोबोटिक सर्जरी शुरू होने की जानकारी एम्स भोपाल के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि एम्स भोपाल ने 20 करोड़ में रोबोट खरीदा। जिसके लिए केंद्र सरकार ने मदद की। डॉ. अजय सिंह ने आगे कहा कि पिछले 2 साल से एम्स भोपाल रोबर्ट खरीदने की तैयारी कर रहा था। जिसे फाइनली केंद्र सरकार की मदद से खरीद लिया गया। पहली सफलता पूर्ण रोबोटिक सर्जरी पिछले हफ्ते की गई। बता दें कि मप्रमें अब तक रोबोटिक सर्जरी की सुविधा किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं है। हालांकि, इंदौर के एक निजी अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत हो गई है। इसके अलावा दिल्ली एम्स, अपोलो, फोर्टिस और मुबंई के टाटा मेमोरियल समेत देश के कुछ खास अस्पतालों में ही रोबोटिक सर्जरी की सुविधा है।



**सबसे अधिक कैंसर मरीजों को फायदा**-एम्स भोपाल के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत होने से सबसे अधिक फायदा कैंसर के मरीजों को मिलेगा। इसके साथ ही यह सुविधा शुरू होने से यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, कैंसर, जनरल और प्लास्टिक सर्जरी करवाने वाले मरीजों के ईलाज में भी आसानी होगी। इसके लिए तैयारियां चल रही है।

**बच्चों के लिए भी खास**-एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह, जो स्वयं एक पीडियाट्रिक आथोर्पेडिक सर्जन हैं, उन्होंने बताया कि रोबोटिक असिस्टेंस से बच्चों के रीढ़ की हड्डी की विकृति, जैसे काइफोसिस या स्कोलियोसिस और जटिल स्पाइन रोगों की सर्जरी को आसान और सुरक्षित रूप से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एम्स भोपाल का ऑर्थोपेडिक विभाग प्रदेश की जनता को ऐसी सुविधाएं दे रहा है जो कहीं और उपलब्ध नहीं हैं, जैसे कि बोन बैंकिंग सर्विसेज, 3 डी प्रिंटिंग द्वारा सर्जरी, जटिल पीडियाट्रिक सर्जरी, इत्यादि।

### जटिल पीडियाट्रिक सर्जरी भी होगी

एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह, जो स्वयं एक पीडियाट्रिक आथोर्पेडिक सर्जन है, उन्होंने बताया कि रोबोटिक असिस्टेंस से बच्चों के रीढ़ की हड्डी की विकृति, जैसे काइफोसिस या स्कोलियोसिस और जटिल स्पाइन रोगों की सर्जरी को आसान और सुरक्षित रूप से किया जा सकता है। डॉ. अजय सिंह ने बताया कि एम्स भोपाल मध्य भारत में ऐसा पहला सेंटर बन गया है जहां पर रोबोटिक पद्धति द्वारा ऑर्थोपेडिक विभाग में स्पाइन सर्जरी की सुविधा उपलब्ध हो गई है। थ्री डी इमेजिंग और रोबोटिक प्रणाली वास्तविक समय में इमेजिंग प्रदान करके आथोर्पेडिक सर्जरी में, विशेष रूप से रीढ़ की हड्डी की प्रक्रियाओं में, अधिक सटीकता और सुरक्षा प्रदान करती है। इससे सर्जनों को सटीक निर्णय लेने और संभावित रूप से जटिलताओं और विकिरण जोखिम को कम करने में सहायता मिलती है। स्पाइन सर्जरी में रोबोट का मुख्य उपयोग फ्रीहैंड या फ्लोरोस्कोपी निर्देशित प्रक्रियाओं की तुलना में सुरक्षित पेडिकल स्क्रू फिक्सेशन सुनिश्चित करने में होता है। अब एम्स भोपाल में इस सुविधा के हो जाने से जटिल स्पाइन सर्जरी को सुरक्षित रूप से किया जा सकता है।

# 30-40 लोगों ने डॉक्टरों पर हमला बोल दिया, परिजन की मौत से थे नाराज



गुड इवनिंग, भोपाल

हमीदिया अस्पताल में एक मरीज की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने डॉक्टरों पर हमला कर दिया। इसमें तीन डॉक्टर घायल हो गए। एक जूनियर डॉक्टर के सिर में भी चोट आई है। मरीज के परिजन और करीब 30-40 लोग आईसीयू में घुस गए। डॉक्टरों का कहना है कि वे हथियारबंद थे। इस घटना के बाद डॉक्टर नाराज हैं। उन्होंने तत्काल सुरक्षा की मांग की है।

**यह था मामला**-हमीदिया अस्पताल के आईसीयू में मरीज डॉली बाई का इलाज चल रहा था। शनिवार-रविवार की रात करीब 1 बजे डॉली बाई की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। कुछ ही देर में 30-40 लोग आईसीयू में घुस गए और ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों पर हमला कर दिया। इस दौरान आईसीयू में 10 से ज्यादा डॉक्टर मौजूद थे।

**वीडियो सामने आया, पुलिस जांच में जुटी**-इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। डॉक्टर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल डॉक्टर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं थे परिजन**-कोह-ए-फिजा थाना प्रभारी विजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि उज्जैन निवासी 60 वर्षीय महिला को ब्लड प्रेशर, शुगर और अन्य बीमारियों के चलते भर्ती कराया गया था। रात करीब 1 बजे बंजारा समुदाय की इस महिला की मौत हो गई, जिसके बाद उसके परिजनों और अस्पताल स्टाफ के बीच हाथापाई हो गई, क्योंकि परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। मृतक महिला के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उनके साथ मारपीट की गई।

**सीएमओ को लिखा पत्र**-डॉक्टरों ने सीएमओ हमीदिया को पत्र लिखकर घटना का जिक्र करते हुए हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन से सुरक्षा बढ़ाने की अपील भी की गई है। इसमें लिखा गया है कि इस घटना से अस्पताल परिसर में भय का माहौल है।

# प्रदेश के 700 हायर सेकंडरी स्कूलों में प्रारंभ होगी व्यावसायिक शिक्षा

गुड इवनिंग, भोपाल

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिये उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उमा विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रशन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किये जायेंगे।




**वन्य जीव पर्यटन से होगी रोजगार में वृद्धि**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को शिवपुरी में नवनिर्मित माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ किया। यह मध्यप्रदेश का 9वां और देश का 58वां नेशनल टाइगर रिजर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुनर्स्थापन प्रक्रिया से यहां लाई गई एक बाघिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मुक्त आवास में छोड़ा।

# थाना पिपलानी पुलिस ने शातिर वाहन चोर को किया गिरफ्तार

गुड इवनिंग, भोपाल

पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणाचारी मिश्र, अति पुलिस आयुक्त श्री अवधेश गोस्वामी के दिशा निर्देशों पर जोन 02 उपायुक्त श्री डॉं संजय अग्रवाल, जोन-2, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री महावीर सिंह मुजाल्दे, द्वारा सहायुक पुलिस आयुक्त दीपक नायक के नेत्रत्व मे लगातार हो रहे बाहन चोरी पर अंकुश लगाने के लिए टीम गठित कि गयी थी।

टीम द्वारा पहले विदिशा से चोरो को गिरफ्तार कर 09 मोटरसाइकल जप्त कि थी। इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी पिपलानी अनुराग लाल द्वारा कार्यवाही कर 1 सवारी आट व 09 मोटरसाइकिले चोरो से जप्त कि है मसरूके कि कुल कीमत 768000 रूपए है।

**अपराध का घटनाक्रम**-थाना पिपलानी मे फरियादि विनोद चौकसे कि रिपोर्ट पर दिनाँक 18/07/24 को अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप क्र 561/24 धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था विवेचना दौरान पुलिस द्वारा एक अपाचे मोटरसाइकिल जो विलखिरिया से चोरी हुई थी एवं एक सीटी 100 जो पिपलानी से चोरी हुई थी आरोपी ब्रजेश आदिवासी के पिता जगदीश से दोनो मोटरसाइकिल जप्त कि गयी थी तथा जगदीश आदिवासी को जैल भेजा गया था । प्रकरण मे थाना बिलखिरिया और पिपलानी मे आरोपी कि तलाश थी ।




फरारी के दौरान आरोपी ब्रजेश द्वारा पुनः थाना पिपलानी क्षेत्र से एक सवारी आटो चोरी किया जिसपर अज्ञात आरोपी के विरू द्ध थाना पिपलानी मे 21/25 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया था विवेचना दौरान ज्ञात हुआ कि ब्रजेश आदिवासी उक्त आटो को अपने गाँव मे अपने जीजा राहुल के साथ उपयोग कर रहा है टीम गठित कर बजेश आदिवासी के घर पर दविश दी गयी लेकिन आरोपी ब्रजेश भागने मे सफल हुआ और आरोपी के घर से सवारी आटो बरामद हो गया था । ब्रजेश बार बार पुलिस को चकमा दे रहा था।

**कार्यवाही का विवरण**-प्रकरण कि गंभीरता को देखते हुए उनि संतोष रघुवंशी चौकी प्रभारी आनंदनगर द्वारा अपने स्टाफ कि मदद से सभी संभावित स्थानो पर आरोपीगणो कि लगातार तलाश की । इसी चरण मे आरोपीगणो को गरिफ्तार करने के लिए मुखविर के जरिए एक मोटरसाइकिल का सौदा ब्रजेश आदिवासी से भोपाल मे करवाया गया ।

कल दिनाँक 5/03/25 को ब्रजेश एक प्लैटिना गाडी जो उसने छोला थाना क्षेत्र से चुराई थी मोटर साइकिल देने आया था तभी अपने स्टाफ कि मदद से घेरावंदी कर आरोपी ब्रजेश एवं उसके जीजा राहुल को घेरावंदी कर पकडा ।

ब्रजेश और उसके जीजा राहुल द्वारा कुल 08 मोटरसाइकिले एवं एक सवारी आटो पिपलानी विलखिरिया एवं थाना छोला छेत्र से चोरी करना स्वीकार किया है । जिसमे 04 मोटरसाइकिल एवं 01 सवारी आटो के चोरी के प्रकरणो की जानकारी थानो से मिल गयी है । 04 मोटरसिकिलो के संबंध मे वर्तमान मे जानकारी नही मिलने से धारा 106 बीएनएसएस मे जप्त कि गयी है ।

# शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

गुड इवनिंग, भोपाल

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन को आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आमजनों को भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करना आवश्यक है।

कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, ताकि शार्ट सर्किट से होने वाली हानियों से बचा जा सके। एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते होती हैं। जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजली कंपनी आपको पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, ताकि शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके। यदि विद्युत लाइनों से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत हों तो तत्काल कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर, ₹उपायर₹ ऐप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में अवश्य दें।

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू विद्युत उपकरणों, वायरिंग, स्विच इत्यादि को स्वयं सुधारने के बजाय किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन की सेवाएं लें। मानव जीवन अमूल्य है। बिजली के स्विच, सॉकिट, बिजली उपकरण बच्चों की पहुंच से दूर रखें। स्वीकृत भार से अधिक लोड का उपयोग न करें। उचित क्षमता के एम.सी.सी.बी, कट-आउट लगाने के साथ ही अच्छी गुणवत्ता की वायरिंग का ही उपयोग करें।

### प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस का मंच गिर गया

# किसानों मुद्दे को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

गुड इवनिंग, भोपाल

भोपालः मध्य प्रदेश के भोपाल में विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा घेरने के लिए एकत्र हुए। रंगमहल चौराहे पर प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस का मंच गिर गया। मंच गिरते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग नारेबाजी करने लगे। मंच गिरने से 7 से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हो गए हैं। घायलों में मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान भी शामिल हैं। इसमें जीतू पटवारी, हरीश चौधरी, राजीव सिंह भी शामिल हैं। इस हादसे में कई महिला कार्यकताओं को भी गंभीर चोटें आई हैं. घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलाई गई। एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचने के कारण लोगों को एक-दूसरे के निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचना पड़ा।



**किसानों का प्रदर्शन हुआ तेज**-प्रदर्शन के दौरान मंच गिरते ही कांग्रेस का प्रदर्शन तेज हो गया. किसानों के प्रदर्शन को बड़ा रूप लेने से रोकने के लिए पुलिसकर्मियों ने वाटर कैनन के साथ आंसू गैस का भी इंतजाम किया था। मौके पर मौजूद प्रदर्शनकारी इतने ज्यादा थे कि उन्होंने पुलिसकर्मियों पर काबू पा लिया। मौके पर मौजूद फोर्स को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पुलिस पहले से ही लोगों को रोकने की कोशिश कर रही थी, लेकिन जब मंच टूटा तो कांग्रेस नेताओं में गुस्सा देखने को मिला। उनका विरोध और तेज हो गया। वे हाथों में झंडे लेकर प्रदर्शन करने लगे। उनका हंगामा भी तेज हो गया। प्रशासन उन्हें पूरी तरह से रोकने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मौके पर मौजूद प्रदर्शनकारी प्रशासन की ओर बढ़ रहे थे।

सुबह से ही मंच सजाया जा रहा था, फिर भी अचानक मंच के गिरने से हर कोई हैरान रह गया। पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव और युवा कांग्रेस अध्यक्ष बैरिकेड्स पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। जीतू पटवारी ने कहा कि इस तरह का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा और किसानों के मुद्दे उठाए जाते रहेंगे।



झाबुआ में भगोरिया उत्सव अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है। देशभर से इस पर्व का आनंद लेने के लिए हजारों लोग यहां पहुंच रहे हैं।

## लोक संस्कृति के पर्व भगोरिया का खूब लिया आनंद

# मांदल की थाप व बांसुरी की तान पर थिरके युवा

विशाल बाबा नामदेव

**गुड इवनिंग, बाग।** जनजातीय संस्कृति का महत्वपूर्ण दीर्घप्रतीक्षित भगोरिया हाट सोमवार को बाग में आयोजन हुआ। चिहुंओर आनंद उल्लास, मस्ती का संचार करने वाला, आधुनिकता एवं परंपराओं के अनूठे संगम से युक्त भगोरिया हाट क्षेत्र के जनजातीय समाज के साथ राजनेताओं एवं व्यापारियों के लिए प्रतीक्षित रहता है। पारंपरिक वेशभूषा एवं आधुनिक परिधानों के अनूठे संगम के दृश्य, बोल मांदल की थाप, बांसुरी की मधुर तान जमकर, नृत्य करते युवक-युवतियां, जनजाति समाज जन, कुर्यटियों की गूंज ने चहुओर आनंद उत्सव को चरम पर पहुंचाया ।पूरे नगर में खाने पीने की वस्तुओं, मिठाइयों, ठंडे पेय, पान दुकानों पर भारी भीड़ रही। राजनीतिक दलों के नेता भी मांदल की थाप पर जमकर थिरके एवं अपने नृत्य दलों को पुरस्कृत भी किया ।





**भगोरिया पर्व में लोक संस्कृति की परम्परा लुप्त दिखाई दी-** प्राचीन काल से विराट नगर बाग में लगे वाले लोक संस्कृति का भगोरिया पर्व में सम्मिलित होने ग्रामीण क्षेत्रों से आये समाज प्रमुख पटेल, तडवी, सरपंच और बुजुर्गो हार्ट बजार में आए हुए स्नेह जनों को गुलाल का तिलक लगाकर होली दहन के पूर्व ही त्यौहार की बधाइयां प्रेषित करते थे यह परंपरा भी दिखाई नहीं दी।

**राजनेता थिरके मांदल की थाप पर नृत्य दलों को पुरस्कृत किया-** भगोरिया के माध्यम से अपनी राजनीति चमकाने वाले राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी ढोल मांदल की थाप पर थिरक कर आनंद लिया। पूर्व विधायक गणपत सिंह पटेल की उपस्थिति में कांग्रेस नेता प्रभु पटेल ने अपने निवास पर समर्थकों और इष्ट मित्रों सहित परीजनों के साथ मांदल की थाप पर खुब लोकनृत्य किया ।वही धार जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेढा व ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार,पुर्व सांसद छतरसिंह दरबार भी भगोरिया हाट के अवसर पर बाग पहुंचे और पार्टी के कार्यकताओं के साथ मांदल की थाप पर जमकर थिरके ।भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया ने अपने समर्थकों के साथ नृत्यदलों को पुरस्कृत किया ।पुलिस थाना प्रांगण में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुमन पटेल झाबा,पदमसिंह मण्डलोई आगर की उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोहित झंवर ने अपने समर्थकों के साथ नृत्यदलों को पुरस्कृत किया ।

पुलिस प्रशासन के थाना प्रभारी कैलाश चौहान सहित पुरा दल और राजस्व विभाग के कर्मचारी शांति पूर्ण भगोरिया आयोजन के लिए दिन भर मुस्तैद रहे।

### सजे-संवरे युवक युवतियां परंपरा एवं आधुनिकता का संगम

दोपहर 12:00 बजे से बाग के भगोरिया हाट में बड़ी संख्या में अपार उत्साह से सज संवर कर जनजातीय समाज के युवक-युवतियों, पुरुष, महिलाओं बच्चों का आने का क्रम शुरू हुआ। जनजातीय समाज के पारंपरिक परिवेश पर आधुनिकता हावी दिखाई दी। मोबाइल हाथ में लिए काला चश्मा पहने युवतियां जमकर नृत्य करती दिखाई दी। दोपहर से मांदल की थाप, बांसुरी की तान कुटियो की गूंज से भगोरिया का रंग परवान चढ़ता गया और नगर में भगोरिया की मस्ती छाई रही। भगोरिया में शामिल आदिवासी समाजजनों को वरिष्ठ समाजसेवी रितेश मदन काबरा के पेट्रोल पंप पर शरबत और ठंडा पानी तथा सदर बाजार में समाजसेवी कमलेश राठी और नगर के मोहल्लो में बच्चों ने शीतल पेयजल की सेवा दी।

## आरोपी ने महिला को इंदौर से बाइक पर बैठाकर कालापाठा के जंगल में लाकर की थी वारदात

# दोनों पैर काटकर उतारा था मौत के घाट

गुड इवनिंग, खातेगांव

3 मार्च को इंदौर के रोबोट चौराहे से लापता हुई महिला का शव देवास जिले के कालापाठा के जंगल से पुलिस ने बरामद किया है ।हत्यारे ने धारदार हथियार से महिला के दोनों पैर काट दिए थे । पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला की हत्या करने वाला और कोई नहीं उसका ही रिश्तेदार निकला जिसे पुलिस ने आरोपी बनाया है जिसने महिला को बाइक से बिठाकर कालापाठा के जंगल में लाकर दर्दनाक तरीके से मौत के घाट उतारा था ।पूछताछ में आरोपी ने पांच साल से बच्चा नहीं होने पर एक तांत्रिक की आशंका पर अपनी ही मौसी की हत्या कर दी। हत्या के पहले उसने मौसी को रोबोट चौराहे से बाइक पर बैठाया और अपनी मां से मिलने के बहाने ले गया। फिर नेमावर रोड के जंगल में दरांते से काट दिया। खजराना पुलिस ने जब गुमशुदगी के बाद फुटेज खंगाले तो आखिरी बार आरोपी दिखा।



पूछताछ में उसने घटना कबूल की है। खजराना टीआई मनोज सेंधव के अनुसार पकड़ाया आरोपी मुकेश (22) पिता शिवप्रसाद लांगरे निवासी पटेल नगर खजराना और मूल निवासी सातलाई नेमावर है। उसने अपनी दूर की रिश्तेदार मौसी 55 वर्षीय अमानता बाई पति गोरेलाल तिलवारे निवासी पटेल नगर की हत्या की है। अमानता बाई 3 मार्च को सुबह करीब 9 बजे मजदूरी के लिए घर से रोबोट चौराहा जाने का बोलकर निकली थी। तभी से वह लापता थी। अगले दिन उसके परिजन ने खजराना थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। इसके बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू की थी। आखिर कैमरे खंगाले तो पता चला कि मुकेश ही अपनी मौसी को बाइक पर बैठाकर ले जा रहा है।

### बोला पत्नी को बच्चे नहीं हो रहे थे

पुलिस ने शनिवार को जब मुकेश को हिरासत में लिया तो वह बरगलाने लगा।कैमरे दिखाने पर वह टूट गया। उसने बताया कि उसकी पत्नी को 4-5 साल से बच्चे नहीं हो रहे थे। इसके लिए उसने तांत्रिक को दिखाया। तब तांत्रिक बोला कि किसी बुजुर्ग रिश्तेदार ने जादू किया है। वह जब तक जिंदा रहेगी तब तक बच्चा नहीं होगा। इस पर मुकेश को अपनी मौसी पर शक हुआ। चूंकी मौसी भी खातेगांव की रहने वाली थी और मुकेश की मां भी पास ही के गांव की है। इसलिए वह 3 मार्च को सुबह रोबोट चौराहे पर पहुंचा। फिर मौसी को बोला कि आज काम पर मत जाओ। अपन नेमावर चलते हैं। वहां मां और अन्य लोगों से मिलेंगे। महिला उसकी बातों में आ गई और बाइक पर बैठ गई। बदमाश मौसी को कालापाठा गांव से आगे जंगल में ले गया। वहां मौसी की हत्या कर दी। उधर खजराना थाने की टीम रविवार को घटनास्थल पहुंची। वहां की स्थानीय कांटाफोड़ पुलिस को सूचना देकर शव बरामद करवाया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### घटना की निष्पक्ष जांच हो

जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मेहराव धनवारे का कहना है कि महिला के दोनों पेर धारदार हथियार से काट दिए गए, पांव में पहनी चांदी की कड़ी भी नहीं मिली, घटना में एक से ज्यादा अपराधी शामिल हो सकते हैं। महिला के साथ बड़ी बेहरमी से वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना की निष्पक्ष जांच हो।

### ट्रैक्टर से नीचे गिरने के बाद, कृषि यंत्र में फंसने से किसान की मौत

**खातेगांव।** खेत में मूंग की बनी करने के दौरान ट्रैक्टर से नीचे गिरने के बाद कृषि यंत्र में फंसने से किसान की दर्दनाक मौत हो गई।पुलिस नेमावर से मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर को थाना क्षेत्र के ग्राम गुराडिया में किसान कमल सिंह चौहान खेत में मूंग की वोनी कर रहा था। उसी दौरान ट्रैक्टर पर से किसान अपना नियंत्रण खो बैठा और असंतुलित होकर ट्रैक्टर के नीचे जा गिरा जिसके चलते कमल सिंह चौहान की शेड्यूल का फला लगने से मौके पर ही मौत हो गई नेमावर थाने द्वारा मर्ग कायम कर बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए खातेगांव शासकीय अस्पताल भेजा जहां पीएम के बाद मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में जहां मातम छा गया वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है क्षेत्र में इस प्रकार की पहली घटना सामने आई है।

## खंडवा में दत्तक ग्रहण समारोह का आयोजन



गुड इवनिंग, खंडवा

शहर की सहज समागम फाउंडेशन के किलकारी शिशु गृह में सोमवार एकादशी के दिन एक विशेष दत्तक ग्रहण समारोह संपन्न हुआ, जिसमें बालक विनायक को आधिकारिक रूप से उसके दत्तक माता-पिता को सौंपा गया। इस भावनात्मक एवं हर्षोल्लास से भरे कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया, खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने दत्तक ऑर्डर के द्वारा प्रथम ऑर्डर सौंपकर इस प्रक्रिया को विधिवत पूर्ण किया, समाजसेवी सुनील जैन दंपति को बधाई एवं शुभकामना देते हुए बताया कि दत्तक के इस कार्यक्रम खंडवा के जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन बी. गोडा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, पूर्व महापौर सुभाष कोठारी, पूर्व नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र बजाज, जिला उपाध्यक्ष अमर यादव, नंदन करोड़ी सांसद प्रवक्ता सुनील जैन, सुशील विधानी तथा पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल उपस्थित रहे, विनायक को राजस्थान के प्रवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर दंपति ने गोद लिया है, इस प्रक्रिया को केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा ) और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त निमाड़ की सबसे बड़ी दत्तक ग्रहण संस्था सहज समागम फाउंडेशन ने संपन्न किया, संस्था की संचालक दीपमाला विधाणी ने बताया कि पिछले तीन वर्षो से संस्था अपने स्वयं के वित्तीय संसाधनों से बच्चों के पालन-पोषण एवं दत्तक ग्रहण प्रक्रिया का संचालन कर रही है।

## धार में गायत्री शक्ति पीठ पर फाग उत्सव आयोजित

गुड इवनिंग, धार

होली पर्व को लेकर पश्चिमी मध्य प्रदेश का आदिवासी बाहुल्य धार जिला लोकपर्व और लोक संस्कृति के महापर्व फाग उत्सव के रंगों से सरोबार हो रहा है। मंदिरों में बड़ी संख्या में फाग उत्सव हो रहे हैं। राधा कृष्ण की होली का पर्याय माने जाने वाले होली पर्व पर फाग उत्सव को लेकर श्रद्धालु मंदिरों में रंग गुलाल और फूलों की होली, भजन - कीर्तन और नृत्य के साथ खेल रहे हैं। धार गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी रमेशचंद्र सचान ने बताया कि धार जिला मुख्यालय स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर भी फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु गायत्री परिजनों द्वारा भाग ले उत्सव मनाया गया। फाग उत्सव में शामिल श्रद्धालुओं ने भजन, कीर्तन और सुमधुर लोकगीतों के साथ पारंपरिक लोक नृत्य के माध्यम से राधा कृष्ण की आराधना कर रंग, गुलाल और पुष्पों के साथ होली खेल फाग उत्सव मनाया।



## 13-14 मार्च को होंगे धार्मिक आयोजन, मुनि पूज्य सागर होंगे शामिल

# सिद्धवरकूट में होली पर लगेगा आध्यात्मिक रंगों का मेला

गुड इवनिंग, खंडवा

खंडवा जिले में रेवा तट पर स्थित दो चक्री दस कामकुमार सहित साढ़े तीन करोड़ मुनिराजों की पावन निर्वाण भूमि श्री दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र सिद्धवरकूट का वार्षिक मेला महोत्सव 13-14 मार्च को आयोजित होगा। सुहावना सिद्धवरकूट निर्माण भूमि में आयोजित होने वाले महोत्सव में अन्तमुर्खी मुनिश्री पूज्य सागर जी महाराज का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा। मीडिया प्रभारी सुनील जैन व प्रचार संयोजक राजेन्द्र जैन महावीर ने बताया कि विगत अनेक वर्षों से क्षेत्र पर वार्षिक मेला आयोजित होता है। जिसमें मूलनायक भगवान श्री सम्भवनाथ मण्डल विधान, अभिषेक, पूजन, शांतिधारा,



सामूहिक आरती, पंच परमेष्ठि मण्डल विधान, विमानोत्सव, घटयात्रा आदि अनेक आयोजन होगें। मेला संयोजक वर्किंग ट्रस्ट्री बाबूलाल जैन बड़?वाह ने बताया कि विधान पुण्यार्जक जीवन कुमार जैन इंदौर होगें। 14 मार्च को 4.30 बजे भगवान बाहुबली का महामस्तकाभिषेक स्वर्ण रजत कलशों से होगा। साथ ही समस्त मंदिरों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष अमित कासलीवाल इंदौर, महामंत्री विजय काला ने बताया कि क्षेत्र पुराने कमरों के जीणोर्धार व नवीनीकरण के पश्चात लोकार्पण किया जाएगा।

### क्षेत्र के परिक्रमा पथ का होगा भूमिपूजन

मध्यप्रदेश की जीवन दायिनी नर्मदा रेवा तट पर स्थापित उक्त तीर्थ की खोज भट्टारक महेंद्र कीर्ति ने की थी। दो हजार वर्ष से अधिक प्राचीन तीर्थ पर मंदिरों के समूह का परिक्रमा पथ बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें क्षेत्र परिक्रमा पथ निर्माण वा भूमिपूजन किया जाएगा। सम्पूर्ण आयोजन का विधिविधान विधानाचार्य कमल जैन एण्ड पार्टी बड़?वाह द्वारा सम्पन्न होगी।

### बस की नि:शुल्क व्यवस्था 14 मार्च को

मीडिया प्रभारी सुनील जैन, प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित मेले के लिए यात्रियों की सुविधा हेतु सनावाद और बड़वाह से नि:शुल्क बस सेवा बाबूलाल जैन जैनबस बड़वाह, सुरेश पाण्डया अमर ज्योति बस सर्विस सनावद द्वारा उपलब्ध होगी। यात्रियों की भोजन व्यवस्था 13मार्च को पहाड़िया परिवार इंदौर की ओर से नि शुल्क रहेगी।

**स्वर्ण कलशों से होंगे महामस्तकाभिषेक-** भगवान बाहुबली का महामस्तकाभिषेक स्वर्ण कलशों से करने का सौभाग्य डॉ. सुभाष सुनीता जैन खंडवा, बाबूलाल - मीना जैन भीकनगांव, विकास-वर्षा कासलीवाल भीकनगांव, जीवन कुमार मनीता जैन इंदौर, अशोक - संगीता जैन इंदौर, आरिष सिद्धा चौधरी सनावद, इंदरचंद विनोद जैन इंदौर, शांतिलाल- राजन बाई कासलीवाल भोकाखेड़ी को प्राप्त हुआ है। क्षेत्र कमेटी के अमित कासलीवाल संतोष जैन मामा, बाबूलाल जैन, विजय काला,नंदलाल टोंग्या, कैलाश जैन मोटाघर, महेंद्र सर्राफ शामिल रहे।


# पत्थर दिल चुनने लगे हैं फांसियों की राह...



कंचन तिवारी 'कशिश', जौनपुर (उप्र)

*जाहिर जरा पुरुषों के भी*
*जज्बात करिए साहब।*
*ऐसे एक तरफा न फैसले*
*दिन-रात करिए साहब ।*
*दो रंग के चश्में को*
*जरा साफ करिए साहब ।*
*पत्थर दिल चुनने लगे हैं*
*फांसियों की राह ।*
*अब तो इनके दर्द पर भी*
*बात करिए साहब ।*

# हे जननी उसी क्षण उसे तुम त्याग देना...



पूजा भूषण झा
वैशाली (बिहार)

आचरण पर प्रश्न जब कोई उठाए।
इस अधर पर दाग जब कोई लगाए।
तुम सती बन इस अधर को आग देना।
हे! जननी उसी क्षण उसे तुम त्याग देना।

स्वर्ण मृग पर मुग्ध अब!होगी न सीता।
दौर्पदी स्वयं चक्र से लिखेगी गीता।
कुंती अब! अपने कर्ण को नाम देगी।
उर्मिला बढ़कर लखन को थाम लेगी।

जब प्रणय में वो बंधेगी वर वरण कर।
कोई दशानन लाएगा सीता हरण कर।
चिर कन्या सुन! उसे परित्याग देना।
हे! जननी उसी क्षण उसे तुम त्याग देना।

पत्थरों की अब! अहिल्या न रहेगी।
कंस का डर देवकी अब! न सहेगी।
आम्रपाली शुचिता श्रापित न करना।
मीरा भी अब!प्रेम में विष न पिएगी।

हे! कौशल्या धर्म में बंधित न होना।
इंद्र के गर्जन से छाया तुम न रोना।
गौतमी तुम बुद्ध बन वैराग्य देना।
हे! जननी उसी क्षण उसे तुम त्याग देना।

# आप टेक कंपनियों को सौंप रहे अपने जीवन का ब्लूप्रिंट



नीना जैन
लाइफ कोच
न्यू जर्सी
अमेरिका

**क्या आपको लगता है कि आपके मस्तिष्क में क्या चल रहा है, इसे कोई टेक कंपनी नहीं जान सकती? अगर ऐसा सोचते हैं, तो आप भारी गलतफहमी में हैं। आप जो सोचते हैं, जो महसूस करते हैं, और यहां तक कि जो सपने देखते हैं—सब कुछ टेक कंपनियों के रडार पर है। आपको लगता होगा कि आपका मस्तिष्क अभेद्य किला है, लेकिन हकीकत इससे कहीं ज्यादा डरावनी है।**



क्या आपने कभी गौर किया है कि जब आप टाइप कर रहे होते हैं, तो आपके वर्ड सजेशन में अगला शब्द लगभग वही होता है, जो आप सोच रहे थे? यह कोई जादू नहीं है, यह आपकी सोच को पढ़ने की टेक्नोलॉजी है। आपका स्मार्टफोन, आपका लैपटॉप, आपके सोशल मीडिया अकाउंट—ये सभी आपकी आदतों, आपके विचारों, और यहां तक कि आपके सबसे निजी एहसासों को इकट्ठा कर रहे हैं। ये कंपनियां केवल आपके टाइप किए गए शब्दों को नहीं, बल्कि आपके टाइप करने के ढंग को भी समझती हैं। वे यह तक जानती हैं कि आप किस भावनात्मक स्थिति में हैं।

सोचिए, जब आप गूगल पर कुछ टाइप करते हैं, तो ऑटो-सजेशन आपको पहले ही बता देता है कि आप क्या खोज रहे हैं। जब आप यूट्यूब पर जाते हैं, तो वहां वे वीडियो सामने आ जाते हैं जो आपने कभी सोचे थे कि देखने चाहिए। नेटफ्लिक्स आपकी पसंद की मूवी पहले ही सुझा देता है। क्या यह महज संयोग है? नहीं, यह आपका डिजिटल प्रोफाइलिंग डेटा है, जो यह समझ चुका है कि आपके मन में क्या चल रहा है।

फेसबुक का मशहूर सवाल ( whats in your mind ) अभी आपके दिमाग में क्या चल रहा है?

यूं ही नहीं रखा गया था। यह मासूम सा दिखने वाला सवाल? वास्तव में वह जाल था, जो आपकी गहरी भावनाओं, आपकी निजी समस्याओं और आपकी इच्छाओं को टेक कंपनियों की प्रयोगशाला में डालने का जरिया बना। आपको लगा कि आप अपने दोस्तों से बातें कर रहे हैं, लेकिन असल में आप अपने जीवन का ब्लूप्रिंट टेक कंपनियों को सौंप रहे थे।

अमेजन, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा —ये सब आपकी डिजिटल छाया को इकट्ठा कर रहे हैं। ये जान रहे हैं कि आप कब खुश होते हैं, कब उदास होते हैं, कब गुस्से में होते हैं। फेसबुक के रिएक्शन फीचर्स को देखिए—वे केवल आपको अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं देते, वे आपके मूड का एनालिसिस करते हैं। यही कारण है कि जब आप किसी खास मुद्दे पर गुस्सा होते हैं, तो वही मुद्दा बार-बार आपके सामने लाया जाता है, ताकि आप और अधिक प्रतिक्रिया दें। यह सिर्फ डेटा कलेक्शन नहीं है, यह माइंड कंट्रोल का सबसे परिष्कृत रूप है।

अब सोचिए, जब आप किसी दोस्त से किसी प्रोडक्ट के बारे में बात करते हैं और अचानक से उसी प्रोडक्ट का विज्ञापन आपके फोन पर दिखने लगता है—क्या यह भी संयोग है? नहीं, यह माइक्रोफोन की ताकत है, यह आपके व्यवहार का एनालिसिस है। सिरी, गूगल असिस्टेंट, एलेक्सा—ये केवल आपकी मदद के लिए नहीं बनाए गए, ये आपकी जासूसी करने के लिए बनाए गए हैं।

अभी तो यह शुरूआत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और न्यूराल नेटवर्क्स की दुनिया में टेक कंपनियां धीरे-धीरे आपके निर्णय लेने की क्षमता तक प्रभावित करने लगी हैं। अब वे केवल यह नहीं जानतीं कि आप क्या सोच रहे हैं, बल्कि वे यह भी तय कर सकती हैं कि आप आगे क्या सोचेंगे। आप जिस खबर को पढ़ते हैं, वह आपकी स्क्रीन पर पहले से तय करके रखी जाती है। आपको किस विचारधारा की ओर झुकाना है, किस मुद्दे से भटकाना है, यह सब एल्गोरिदम तय करते हैं।

तो अगली बार जब आप सोचें कि आपका मस्तिष्क स्वतंत्र है, तो दोबारा सोचिए। टेक कंपनियां आपके अवचेतन तक पहुंच चुकी हैं। सवाल यह नहीं है कि वे आपके दिमाग में क्या चल रहा है, यह जानते हैं या नहीं

- सवाल यह है कि आप खुद अपने आप पर कितना नियंत्रण रखते हैं?

सावधान रहिए सुरक्षित रहिये।

तो क्या करें ?

बनते कोशिश फोन और इंटरनेट का इस्तेमाल पर्सनल बातों के लिए न करें।

अपनी बेहद निजी जानकारी हरगिज फोन में नहीं रखें ।

तकनीकी विकास को आत्म नियंत्रण तक न पहुंचने दें ।

# अब की होली...





किरण सोनी, गुंडरदेही (छत्तीसगढ़)

**अब की बार तोहे फगुआ के रंग में हम अईसे रंगेंगे कि तुम जिंदगी भर छुड़ा नहीं पाओगी.....कहते हुए रवि ने बाल्टी से भरी रंग अवनि पर उड़ेल दिया, फिर सूखी गुलाल उसके गाल पर लगा कर भाग गया।**

अवनि जब तक संभल पाती या कुछ कर पाती है तब तक रवि बाहर अपने दोस्तों की टोली में जा मिला।

अवनि गांव में अपने चाचा के यहां होली में आई थी। रवि उसका बचपन का दोस्त था। बड़े होने के बाद अवनि अपने मां-बाबा के साथ शहर आ गई थी, अब वह इंटर की पढ़ाई कर रही थी।आज जब वह इस तरह से रवि से मुलाकात होने पर हक्की-बक्की हो रवि को देखते ही रह गई। दिल की धड़कनें भी इतनी तेजी से चल रही थी, वह समझ नहीं पा रही थी कि क्या करें क्या न करें।

अवनि भी हालांकि बचपन से ही मन ही मन रवि की छवि अपने अंदर बसा रखी थी,पर कुछ कहने से डरती थी।और कहती भी कैसे।यह सोचती खड़ी थी तभी रवि की बहन ज्योति अपनी सखियों संग आकर अवनि को अपने साथ ले गई।

दिन भर सखियों संग खुशी से तरंगित तन-मन होकर खुद में लजाती हुई महसूस कर रही थी। इतने बरसों में कई तरह के रंगों में रंगी थी, किंतु आज जो रंग चढ़ा था वह बहुत ही खूबसूरत रंग था।जिसके एहसास मात्र से वह बार-बार सिहर उठती थी।

शाम को जब रवि घर आया अपनी बहन ज्योति के साथ अवनि को अपने घर पर देखा तो वहीं ठहर गया,वह सोच रहा था की पता नहीं अवनि के मन में क्या है मैंने तो उससे बिना पूछे ही रंग लगा दिया है, पर फिर सोचता क्या करता मैं कैसे उसे अपने दिल की बात बता पाता कोई तो बहाना चाहिए था ना।

ज्योति अपने भाई को इस तरह बुत बना खड़ा देख हंसने लगी और पास जाकर झंझोड़ते हुए कहने लगी भैया कहां खोए हो ऐसे का देख रहे हो र...देखो अवनि कब से इंतजार कर रही है तुम्हारी....कहती है.... कि आज..... तभी अवनि दौड़कर आई और ज्योति के मुंह पर हाथ रखकर चुप कराती हुई उसे दूर ले गई और शमार्ती हुई भाग गई।....ज्योति यह सब नजरा देख रही थी और समझ भी रही थी,क्योंकि वह भी उनकी ही उम्र की और अवनि की एक अच्छी सखी थी।

रवि सोच रहा था कि अब क्या करें उसके पीछे जाए या नही,लेकिन उसके पैर खुद-ब-खुद अवनि की ओर बढ़ गए,और वह उसके पीछे चला गया।यह सोचते हुए कि यदि वह नाराज होगी तो माफी मांग लूंगा और यह भी पता चल जाएगा कि उसके दिल में मेरे लिए क्या है।

शाम का समय हो चुका था मध्यम चांदनी झांकने लगी थी,जब ऊपर आया तो एक कोने पर चुपचाप सी अवनि को खड़ी हुई देख थोड़ा डर गया पर हिम्मत करके पास जा अपराधी की भांति खड़े होकर अवनि से कहा...क्या तुम नाराज हो.....

जवाब के इंतजार में खड़े रवि ने देखा कि वह कुछ भी नहीं कह रही थी तो और थोड़ा पास जाकर खड़े हो गया।और उसकी ओर देखते हुए धीरे से उसके हाथ को अपने हाथों में लेते हुए कुछ कहना चाहा, अवनि नजरें झुकाए हुए घबराती,शमार्ती हुई खड़ी थी, सांसे भी धौकनी की तरह चल रही थी, रवि के हाथ पकड़ते ही वह छुड़ाने की कोशिश में खुद ही खुद रवि की बाहों में कुछ इस कदर समा गई कि फिर कभी निकल ही नहीं पाई और यह होली इन दो दिलों को पूरे रंगों में सरोवर हो कर चुकी थी।

# तन रंग लो जी आज मन रंग लो...



विजया डालमिया
हैदराबाद



**वसंत ऋतु रंग-बिरंगी नार की तरह इठलाते हुए आती है। साथ लाती है होली का रंगीला त्यौहार जो प्रेम और उल्लास के साथ आता है। हर तरफ हवा में मस्ती की भांग घुल जाती है।**

होली एकता का उत्सव है, जिसमें हर कोई अपनी उम्र और भेदभाव भूल कर उसके रंगों से जुड़ जाता है। नकारात्मकता से दूर कर दिल में जोश और उमंग के साथ होली इठलाती मचलती है। सफेद कपड़ों पर जब सारे रंग मिलते हैं तो इंद्रधनुष की तरह छटा बन जाती है जो देखने वालों की नजर में हमें आकर्षक बनाती है। रंगों की तरह होली भी हमें यह संदेश देती है कि सबसे मिलजुल कर रहने से ही हम मनोरम हो सकते हैं। मनोहर हो सकते हैं। होली राधा और कृष्ण के चंचल और पवित्र प्रेम का उत्सव है । ब्रज का हर कोना श्री कृष्ण के रंग में रंगा है, इसीलिए ब्रज की होली मशहूर है। आज तक वह गाना हम नहीं भूले हैं..... आज बिरज में होली रे रसिया.... जिस तरह कृष्णा अपने बाल सखों के साथ होली खेलते थे, उसी तरह आज भी दोस्तों के साथ एक बार फिर खुलकर बचपन वाली होली खेली जाती है।

होली एक है, लेकिन इसके रूप अनेक हैं। प्रेम की होली में जब आप किसी के हो जाते हैं तो वह सबसे अद्भुत होली होती है। अध्यात्म की होली मन के भावों के साथ अलौकिक होती है। मस्ती की होली हद में रहकर बेहद पागलपन वाली होती है। फूलों की होली कोमलता के साथ गुदगुदाती है। यूं लगता है मानो वसंत ऋतु ने खुद आकर श्रृंगार कर दिया हो। होली हमें पवित्र भाव के साथ एक दूजे से जोड़ती है। किसी के प्रेम की स्मृति में खोना भी एक तरह की होली ही है, जिसमें हर रंगों से जुड़कर आंसू भी रंगीन हो उठते हैं।

आजकल बदलते समय के साथ इको फ्रेंडली होली का चलन ज्यादा हो गया है। घर में बने पकवानों से लेकर बाहर के गोलगप्पे का सफर करते-करते होली गुजिया और ठंडाई पर आकर नहीं ठहरती बल्कि फ्रेंच फ्राइज और पेप्सी कोला के साथ झूमती, नाचती, गाती है। तरीका चाहे जो भी हो पर होली का त्यौहार सभी को तन और मन से रंगीला बना देता है। होली के रंग पकवानों के संग आज भी उतने ही मीठे मीठे एहसास भी करते हैं और दिल झूम कर गाने लगता है ....तन रंग लो जी आज मन रंग लो....

# 10 सालों नहीं बढ़ी बेटियों की संख्या, हर साल गिर रहा लिंगानुपात

प्रदीप जैन, सारंगपुर

स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सारंगपुर सहित जिले की अन्य तहसीलों में इस वर्ष लडकियों के जन्म लेने में काफी गिरावट सामने आई है। पैदा होने वाले शिशुओं का मामले बडी बात यह है कि महानगरों बडे जिलों की तुलना में आदिवासी जिलों में बेटियां ज्यादा पैदा हो रही है। महिला बाल विकास विभाग से प्राप्त आंकडों के अनुसार जिले में हर साल बेटियों का जन्मदर स्तर गिरता जा रहा है। हालांकि प्रदेश के अन्य जिलों के साथ साल दर साल घटती बेटियों की संख्या जिले के लिए चिंता का विषय है। जानकारों की माने तो इसका सबसे बडा कारण जन्म लेने वाले नवजात का जन्म से पहले ही लिंग प्रशिक्षण है कुछ लोग वंशवाद की परंपरा के अनुसार बेटों की चाहत को भी बडी वजह बता रहे हैं।

**बेटे की चाह में परीक्षण गिरते लिंगानुपात की बडी वजह**

हाल ही में राजगढ़ जिले में बेटियों के जन्म के बारे में चौंकाने वाले आंकडे सामने आए हैं। पिछले साल के मुकाबले इस साल जन्म लेने वाली बेटियों की संख्या में भारी कमी आई है। इन आंकडों ने बेटी बचाओ अभियान को कठघरे में खडा करते हुए सरकारी अफसरों और समाज सुधारकों के प्रयासों पर भी सवाल खड; कर दिए हैं। ये आंकडे गर्भ परीक्षण, कन्या भ्रूण हत्या, गर्भपात और बेटियों की हत्या जैसी स्थितियों के चलते समाज के लिए गंभीर चिंता का कारण बन गए हैं। जानकारी मिली है कि उधर, स्वास्थ्य विभाग ने आंकडे सामने आने के बाद अस्पतालों और सोनोग्राफी सेंटर्स की निगरानी शुरू कर दी है।



**बेटों की तुलना में घटी बेटियों की संख्या**

वर्ष 2024 में प्रति 1000 बेटों के मुकाबले बेटियों की संख्या 950 थी जो कि वर्ष 2025 में घटकर 900 रह गई। इस महत्वपूर्ण गिरावट से यह संकेत मिलता है कि लडकियों की संख्या में कमी आई है, जो समाज में महिलाओं की स्थिति को दशार्ता है।

### 10 साल में भी नही बढ़ी लडकियों की संख्या

- वर्ष 2014-15 में लड़कों की संख्या 13055, लड़कियों का जन्मदर 12342।
- वर्ष 2015-16 में लड़कों की संख्या 13102, लड़कियों का जन्मदर 12401।
- वर्ष 2016-17 लड़कों की संख्या 12242, लड़कियों का जन्मदर 11708।
- वर्ष 2017-18 में लड़कों की संख्या 12108, तो वही लड़कियों का जन्मदर 11507।
- वर्ष 2018-19 लड़कों की संख्या 11044, लड़कियों का जन्मदर 10358।
- वर्ष 2019-20 में लड़कों की संख्या 12399, लड़कियों का जन्मदर 11801
- वर्ष 2020-21 लड़कों की संख्या 13848, लड़कियों का जन्मदर 13340।
- वर्ष 2021-22 लड़कों की संख्या 12150 तो वहीं लड़कियों का जन्मदर 11327।
- वर्ष 2023-24 में लड़कों की संख्या 11546 तो वही लड़कियों की संख्या 11021।
- वर्ष 2024-25 में लड़कों की संख्या 8838 तो वही दूसरी और लड़कियों की संख्या 8030 जिले भर में रही है।

**सोनोग्राफी सेंटरों पर निगरानी की जरूरत-** विशेषज्ञों का मानना है कि सारंगपुर सहित जिले में संचालित सोनोग्राफी सेंटरों की सख्त निगरानी की जाए और अगर कहीं लिंग परीक्षण कर कन्या भ्रूण हत्या हो रही है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाए। बेटियों को बचाने के लिए प्रशासन को तुरंत जन जागरूकता अभियान, सख्त निगरानी, और कानूनी कार्रवाई जैसे कदम उठाने चाहिए, ताकि बेटियों के जन्म को बढावा दिया जा सके। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो आने वाले वर्षों में यह लिंगानुपात और अधिक बिगड सकता है।

**यह बतलाते है आंकडे-** वर्ष 2020-21, में जिले में कुल 13848 लडकों का जन्म हुआ था, तो वही 13340 लडकियों की जन्मदर संख्या रही। यानी 508 से ज्यादा लडकों ने जन्म लिया है। लडको की अपेक्षा इस साल के मुकाबले वर्ष 2021-22 में लडके और लडकियों के मध्य व्याप्त जन्मदर के अंतर की बात करे तो उक्त वर्ष जिले में 12150 लडकों ने तो वही 11327 लडकियों ने जन्म लिया था। यानी जन्म लेने वालों शिशुओं में लडको की संख्या बढी है।

### चिंता का विषय

हर साल गिरता लिंगानुपात निश्चित तौर पर चिंता का विषय है, हम सारंगपुर सहित पूरे जिले की विभागीय समीक्षा करेंगे, साथ ही संचालित सोनोग्राफी सेंटरों की जांच कराएंगे।

**महेश साहू, डीपीएम, एनएचएम राजगढ़**

## रमजान का पाक महीना, बड़ों के साथ नन्हे बच्चे भी रख रहे रोजा, मांग रहे सुख-शांति की दुआ

### आठ वर्षीय बालिका नायमा अंसारी ने रखा रोजा



गुड इवनिंग, सारंगपुर



मुस्लिम समाज का पवित्र महीना रमजान के सोमवार को 9 दिन पुरे हो चुके है। माना जाता है कि रमजान के माह में अल्लाह हर एक नेकी के बदले कई गुणा नेकियों का सवाब अता फरमाते हैं। रमजान के दौरान बड़ों के साथ-साथ मासूम बच्चों ने भी रोजा रखा है। 30 दिनों तक चलने वाला रमजान शुरू 9 दिन गुजर चुके है। नगर के वार्ड क्रमांक 12 मोहल्ला बड़ीखेल में रमजान के मुबारक मौके पर समाजसेवी सईद अंसारी की 8 वर्षीय पुत्री नायमा अंसारी द्वारा रोजा रखा गया। इस अवसर पर मोहल्ले में स्थित मदीना मस्जिद में रोजदारों को रोजा इफ्तार कराया गया। बच्ची के बताया कि रोजा रखकर बहुत खुश हैं और अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। बालिका के चाचा इफ्तिखार अंसारी ने बताया कि शाम में अजान होने के बाद खजूर और पानी से रोजा खोला और गरीबों में अफ्तार बांटी दी गई। इस अवसर पर इफ्तिखार अंसारी, तारिक अंसारी, अखलाक अंसारी, खलील अंसारी, तोसीफ अंसारी, ओवेश अंसारी, हरिश अंसारी सहित कई लोग रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए।

**माह-ए-रमजान में खोल दिए जाते हैं जन्नात के दरवाजे-** रमजान के बारे में बताते हुए मौलाना हाफीज अनवार एहमद साहब ने कहा कि माहे रमजान का रोजा उम्मते मोहम्मदिया पर फर्ज है। दुनिया में जितने भी नबी आए, सभी के रुपर रोजा किसी न किसी शक्ल में फर्ज था। रमजानुल मुबारक का महीना जब तशरीफ लाता है तो जन्नात के सभी दरवाजे खोल दिए जाते हैं तथा शैतानों को जंजीरों में जकड़कर जहन्नुाम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। रमजान का इतना बड़ा मर्तबा है कि अगर कोई सख्श वक्त-ए-पैदाईश से अखिरी दम तक लगातार रोजा रखे, फिर भी रमजान के एक रोजे की फजीलत के करीब वह नहीं पहुंच सकता है।

# सरपंच बोला- हर काम के लिए रिश्वत मांगी जा रही

गुड इवनिंग, सारंगपुर

सारंगपुर में भाजपा नेता और सुल्तानिया पंचायत के सरपंच जितेंद्र हाथिया ने एक बार फिर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने रविवार को सरपंच संघ के ग्रुप में अपना ढाई मिनट का एक वीडियो शेयर किया। इसमें वे जनपद कर्मचारियों-अधिकारियो पर हर काम के लिए रिश्वत मांगने के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं हाथ जोड़ कर निवेदन करता हूं कि मेरे से कोई भी व्यक्ति पैसे की मांग न करें। मैं पहले एक इंजीनियर को ट्रेप करवा चुका हूं। दोबारा कोई पकडा जाए तो यह मत बोलना की हाथिया जी आपने यह क्या किया है। क्योंकि जब वो इंजीनियर ट्रेप हुआ था तो उसके बाद में कई के फोन मेरे पास आए थे कि बैठकर समझा देते, बातचीत कर लेते।





**सरपंच बोले- मेरे से काम के बदले पैसे न मांगे-** यह मेरी चेतावनी समझ लेना या मेरा निवेदन। मेरे काम में लापरवाही न करें। मेरे काम को आप तत्काल करें और जितना हो सके मेरे से दूरी बना कर रखें। अगर किसी ने मेरे से पैसे मांगे और किसी का जीवन अगर खराब होता है तो मुझे दोषी न ठहराएं। क्योंकि सरपंच कोई झाड़ (पेड़) नहीं है नोटों का जो देता रहेगा। हर कोई आदमी बिना पैसे के काम नहीं कर रहा है। इतना भ्रष्टाचार सारंगपुर में मैंने आज तक मेरे जीवन में नहीं देखा। आज मेरी 42 साल की उम्र हो गई।

**बोले जिम्मेदार-** मैंने अभी तीन चार दिन पहले ही प्रभार लिया है। यहां क्या चल रहा है, मुझे मालूम नहीं है। सरपंच ने आरोप लगाए है तो जांच करवाएंगे। ऐसा कुछ काम लेकर मेरे सामने तो सुल्तानिया सरपंच आए भी नहीं है। न ही मुझे उनकी कोई शिकायत मिली है।

# भाजपा सरकार किसानों से किए वादे भूल गई :जीतू पटवारी

### मप्र कांग्रेस अध्यक्ष सारंगपुर में स्वागत समारोह का आयोजन

गुड इवनिंग, सारंगपुर

कांग्रेस पार्टी कर्ज, क्राइम, करप्शन, कमीशन जैसे स्थायी मुद्दों के साथ युवा, किसान, महिलाओं से जुडे मसलों और मप्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुखरता से जनता की लडाई लडेगी। भाजपा सरकार किसानों से किए वादे भूल गई है, इसीलिए सोई हुई भाजपा की सत्ता को जगाने के लिए प्रदेश भर से आए किसानों के साथ विधानसभा का घेराव किया गया। लेकिन सरकार किसानों की आवाज को दबाने का काम कर रही है, जिसें हम होने नहीं देंगे। किसान कांग्रेस का एक ही संकल्प है। किसान विरोधी मोहन सरकार, को सबक सिखाना ही, अब विकल्प है। यह बात भोपाल से आगर जाते समय सोमवार दोपहर सारंगपुर बायपास पर कांग्रेसजनों के द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने व्यक्त की। श्रीपटवारी ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश में गेहूं, धान और सोयाबीन की खेती घाटे का सौदा हो गई है। समर्थन मूल्य की मांग को लेकर किसान कांग्रेस हर मंडी में जाकर किसानों की लड़ाई लड़ेगी। सरकार की किसान विरोधी नीतियां किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इसीलिए, विधानसभा में किसानों से जुडे सवालों का जवाब नहीं देने वाली भाजपा के खिलाफ कांग्रेस निर्णायक लडाई लडेगी।



### भाजपा नहीं, ये आश्वासन सरकार है

जीतू पटवारी ने कहा कि मप्र विधानसभा में जनता से जुडे सवालों पर मुख्यमंत्री/मंत्रियों के 2500 से ज्यादा जवाब सिर्फ आश्वासन बने हुए हैं। मतलब साफ है मोहन यादव की सत्ता भी शिवराज सरकार की तरह ही सदन में झूठ के पांव पर सरक रही है। सत्ता के केवल 10 विभागों के हैं, लेकिन झूठ की ऐसी झूठी राजनीति सरकार के हर विभाग की है। नगरीय विकास एवं आवास 444, लोक निर्माण 219, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा 170, गृह 142, सहकारिता 186, राजस्व 137, जल संसाधन 115, पंचायत एवं ग्रामीण विकास 149, स्कूल शिक्षा 95, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी 95, जनजातीय कार्य 87 विभाग है। श्रीपटवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा भ्रष्ट नेता और अफसर, भाडे के हत्यारों से भी खतरनाक है। मध्यप्रदेश सरकार के संदर्भ में भी यह टिप्पणी बहुत प्रासंगिक है। करप्शन ध कमीशन के गंभीर आरोपों से घिरी मोहन सरकार को भी ऐसी धारणाओं के आईने में अपना दागी चेहरा जरूर देखना चाहिए। स्वागत समारोह में प्रमुख रुप से जिला प्रवक्ता प्रदीप जैन, जिला कांग्रेस महामंत्री मोहन पाल, पूर्व जपं अध्यक्ष घनश्याम पाटीदार, किसान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राधेश्याम भैंसानिया, युकां ब्लाक अध्यक्ष लखन धनगर, अजा ब्लाक अध्यक्ष करणसिंह वर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष प्रमोद सादानी, अरबाज मेव, देवकरण पाल, शाकिर भाई, विशाल ठाकुर, पवन राज आदि उपस्थित थे।

## उदनखेड़ी में कांग्रेसियों ने किया पटवारी का स्वागत

**उदनखेड़ी।** भोपाल से सारंगपुर की तरफ जा रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी को उदनखेड़ी फोरलेन सड़क पर कांग्रेसजनों के द्वारा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष रामचन्द्र नागर के नेतृत्व में पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने संगठन को लेकर श्रीपटवारी से चर्चा की। उन्होंने कांग्रेसजनों से किसानों के हित में लड़ाई लड़ने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नन्दलाल नागर तथा समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ में वरिष्ठ कर्मठ कार्यकर्ता पंडित रमेशचन्द्र शर्मा, हरिश्चंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष



मुकेश राजपूत, देवीसिंह नागर आदि ने भी श्रीपटवारी को माला पहनाकर कर स्वागत किया।

### संपादकीय

## राज ठाकरे के गंगा जल वाले बयान पर सभी खामोश क्यों

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे, जो हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे के भतीजे हैं, उन्होंने एक विवादित बयान देकर देशभर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। राज ठाकरे की पार्टी के एक नेता बाला नंद गांवकर महाकुंभ में गंगा स्नान करने के लिए गए थे। उन्होंने संगम तट पर डुबकी लगाई। वहां से गंगाजल लेकर वह वापस लौटे थे। पुणे में आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस पर उन्होंने राज ठाकरे को गंगाजल सौंपते हुए कहा, यह गंगा का पवित्र जल है। इस पर राज ठाकरे ने सार्वजनिक रूप से बयान देते हुए कहा, वह इस गंदे पानी को छू भी नहीं सकते हैं। गंगाजल पीने की बात तो बहुत दूर की है। राज ठाकरे ने कहा संगम तट पर करोड़ों लोगों ने स्नान किया है। वहां का पानी कैसे साफ रह सकता है। उन्होंने कोरोना महामारी की याद दिलाते हुए कहा, लोग अपने पापों का प्रायश्चित करने के लिए प्रयागराज गंगा में स्नान करने के लिए गए थे। क्या गंगा में डुबकी लगाने से वह अपने पापों से मुक्त हो सकते हैं। करोड़ों लोगों ने जिस तरह से गंगा में स्नान किया है। जिस तरह संगम तट पर शरीर को मलमल कर नहाया है। इसके बाद वहां का पानी कैसे साफ रह सकता है। उन्होंने गंगा की सफाई से मामले को जोड़ते हुए कहा, जब केंद्रीय एजेंसी कह रही है, गंगा का पानी बहुत दुषित हो चुका है, तब मैं इस पानी पर कैसे विश्वास कर लूं। कौन इस गंदे पानी का आचमन करेगा। राज ठाकरे यहीं नहीं रुके। उन्होंने यह भी कह दिया, हमारे देश की कोई भी नदी साफ नहीं है। हम नदियों को मां का दर्जा देते हैं, लेकिन हम नदियों में जाकर कपड़े धोते हैं, स्नान करते हैं और नदियों में गंदगी बहाते हैं। ऐसे में कोई भी नदी साफ रह ही नहीं सकती है। उन्होंने यह कहकर हिंदू आस्था का मजाक उड़ाया। हम हिंदू नदियों को मां का दर्जा देते हैं। और उन्हीं में सबसे ज्यादा गंदगी फैलाते हैं। विदेश की नदियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा विदेशी लोग नदी को अपनी माता नहीं मानते हैं, लेकिन वो नदियों की साफ-सफाई पर पूरा ध्यान रखते हैं। वहां की सारी नदियां सुरक्षित हैं, उनका पानी भी बिल्कुल शुद्ध है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, राजीव गांधी के जमाने से गंगा साफ होगी, यह सुनते हुए आ रहे हैं। फिल्म कलाकार राज कपूर ने गंगा की सफाई पर एक फिल्म भी बनाई थी। राम तेरी गंगा मैली हो गई। यह भी कई दशकों से सुनते आ रहे हैं। उसके बाद भी गंगा साफ नहीं हो पाई है। उन्होंने यह भी कहा, उन्होंने कोई पाप नहीं किया है। इसलिए वह गंगा में पाप धोने के लिए भी नहीं गए। जो लोग पाप करते हैं, वही गंगा में डुबकी लगाने जाते हैं। इस तरह का बयान यदि राज ठाकरे के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दिया गया होता तो सारे देश में हिंदू आस्था को लेकर बड़ा बवाल मचना तय था। राज ठाकरे जो ना तो किसी विधानसभा के सदस्य हैं, ना संसद सदस्य रहे हैं। महाराष्ट्र में उन्हें बालासाहेब ठाकरे के बाद सबसे तेज तर्रार नेता के रूप में जाना जाता है। वह बिना किसी डर और भय के अपनी बात कहने के लिए जाने जाते हैं। गंगा नदी और हिंदू आस्था का यह अपमान महाराष्ट्र के अंदर राज ठाकरे द्वारा किया गया है। इसके बाद भी देश भर में इस बयान को लेकर जिस तरह से भाजपा और संघ ने चुप्पी साध रखी है, वह सभी को आश्चर्यचकित कर रही है। राज ठाकरे ने कहीं से भी हिंदू धार्मिक आस्थाओं का ध्यान नहीं रखा। उल्टे उन्होंने गंगा स्नान करने वालों को पापी बता दिया। केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड की महाकुंभ के दौरान जो जाँच रिपोर्ट आई है, उसमें संगम तट के पानी को सबसे प्रदूषित पानी बताया गया था। उसमें मल-मूत्र होना भी पाया गया था। राज ठाकरे ने कहा ऐसे पानी को वह छू भी नहीं सकते हैं। नहाने की बात तो बहुत दूर की बात है। राज ठाकरे के इतने आपत्तिजनक बयान के बाद भी महाराष्ट्र और देश के हिंदुओं में किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं होना, सबको आश्चर्यचकित कर रहा है। जो सच है, सार्वजनिक रूप से बोलने में राज ठाकरे ने कोई कोताही नहीं बरती। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कट्टरवादी हिंदू पार्टी है। बावरी मस्जिद के विध्वंस की जिम्मेदारी भी शिव सैनिकों ने ली थी। उन्हीं राज ठाकरे ने गंगा मैया में डुबकी लगाने से सभी पापों का नाश होता है, उसका मजाक उड़ाया है। गंगा के पवित्र जल से सभी हिंदू आस्था के साथ हवन पूजन इत्यादि के कार्यक्रम शुरू होते हैं। गंगाजल से भगवान का अभिषेक होता है। उस गंगाजल के बारे में राज ठाकरे की यह प्रतिक्रिया निश्चित रूप से हिंदू आस्था पर ठेस पहुंचाने वाली है। बात-बात में हिंदू आस्था की बात करने वाले संघ, उसके सहयोगी संगठन, भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद का मौन समझ से परे है। यह भी ऐसे अवसर पर जब उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है, प्रयागराज तट पर 66 करोड लोगों से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम तट पर स्नान किया है। राज ठाकरे ने कहा है, जब इतने बड़े पैमाने पर वहां पर लोग एकत्रित हुए। करोड़ों लोगों ने संगम तट और गंगा में डुबकी लगाई है। ऐसी स्थिति में गंगा का पानी साफ हो ही नहीं सकता है। अब देखना यह है, कि राज ठाकरे के इस बयान पर भगवाधारी साधु-सन्यासी, विश्व हिंदू परिषद और संघ किस तरह से अपनी प्रतिक्रिया देता है। लोकसभा एवं महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में राज ठाकरे ने भाजपा की मदद की थी। वह स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बाजू की कुर्सी पर बैठे हुए नजर आए थे। उसके बाद भी उन्होंने नदियों का उल्लेख करते हुए हिंदू श्रद्धालुओं की भावनाओं को भड़काने का काम किया है। राज ठाकरे एक ऐसे नेता हैं, जो अपनी बात बिना किसी डर, दबाव या भय के कहते हैं। भाजपा चाहकर भी उनके इस बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे पा रही है। इससे भाजपा और संघ की मजबूरी को समझा जा सकता है।

### पीएम इंटर्नशिप योजना

## युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

गुड इवनिंग, सारंगपुर

भारत सरकार द्वारा शुरू की गई, पीएम इंटर्नशिप योजना देश के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल का उद्देश्य शीर्ष निजी कंपनियों में इंटर्नशिप प्रदान करके अकादमिक शिक्षा को व्यावहारिक उद्योग अनुभव से जोडना है। जनपद पंचायत प्रभारी सीईओ कृपाल पेरवाल ने बताया कि यह योजना 21-24 वर्ष की आयु के छात्रों के लिए बनाई गई है और विभिन्ना उद्योगों में भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप प्रदान करती है।

**पीएम इंटर्नशिप स्टाइपंड-** सीईओ पोरवाल ने बताया कि इंटर्न को पूरे 12 महीने की अवधि के लिए 5000 का मासिक स्टाइपंड दिया जाएगा, जो सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से जमा किया जाएगा। मासिक स्टाइपेंड के अलावा, इंटर्नशिप की शुरूआत में भारत सरकार की ओर से 6000 का एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा। हमने निर्देश दिए है कि पंचायतें अपनी ग्राम पंचायतों में संचालित सीएससी सेंटर, एमपी ऑनलाइन के माध्यम से प्रचार प्रसार कर गांव के पढे लिखे युवाओं को इस योजना

### सारंगपुर में 15 से गेहूं खरीदी, अब तक 44104 ने कराया पंजीयन

# 31 तक करा सकते हैं पंजीयन, 2600 रुपए प्रति क्विंटल मिलेंगे दाम

गुड इवनिंग, सारंगपुर

रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं उपार्जन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जितेंद्र जामरा ने किसानों को सूचित किया है कि गेहूं पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। किसान 31 मार्च 2025 तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। सरकार 15 मार्च 2025 से गेहूं की खरीद शुरू करेगी। केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार इस पर 175 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस देगी। इस तरह किसानों को कुल 2 हजार 600 रुपए प्रति क्विंटल मिलेंगे।



**निशुल्क पंजीयन करा सकते हैं किसान-** किसान अपने नजदीकी किसान पंजीयन केंद्र यानी सहकारी सोसाइटी में जाकर निशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आधार से लिंक मोबाइल नंबर और खसरा रिपोर्ट जरूरी है।

### अब तक इतने हुए पंजीयन

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कार्यालय के आपरेटर नितिन परिहार से प्राप्त जानकारी के अनुसार सारंगपुर तहसील में गेहूं उपज बेचने के लिए 5675 किसानों ने पंजीयन कराया है। जबकि पचोर तहसील में 5524 किसानों ने पंजीयन कराए है। जबकि जिले में गेहूं के लिए 44104 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराए है। नितिन परिहार ने बताया कि सभी नौ तहसीलो में गेहूं, चना, मसूर और सरसो बेचने के लिए 45108 किसानों ने पंजीयन कराए है। जिसमें गेहूं के लिए 44104, चना के लिए 855, मसूर के लिए 4420 तथा सरसों के लिए 2015 किसानों ने अब तक पंजीयन कराया है।

पुलिस की मॉक ड्रिल...





फोटो : गुड इवनिंग



इंदौर। आगामी पर्व होली, रंगपंचमी और ईद को देखते हुए पुलिस ने डीआरपी लाइन में मंगलवार को बलवा व मॉक ड्रील का अभ्यास किया। यह अभ्यास आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए किया गया।

### कलेक्टर ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया

# भीख लेने और देने वालों पर कानूनी कार्रवाई फिर से शुरू

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में भिक्षावृत्ति पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध के बावजूद शहर के विभिन्न स्थलों जैसे ट्रैफिक सिग्नल, मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भिक्षावृत्ति की गतिविधियां जारी हैं । इस स्थिति को देखते हुए कलेक्टर आशीष सिंह ने सोमवार को एक बार फिर सख्त आदेश जारी किया। उन्होंने नागरिकों को भिक्षावृत्ति से संबंधित किसी भी घटना की सूचना देने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराया है। अब तक इंदौर प्रशासन द्वारा 354 भिखारियों को रेस्क्यू कर उज्जैन के सेवाधाम आश्रम भेजा जा चुका है। इसके अलावा, 45 बच्चों को बाल सुधार गृह में भेजा गया है ताकि उन्हें उचित देखभाल और सुरक्षा दी जा सके।

कलेक्टर आशीष सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि शहर के ट्रैफिक सिग्नल, चौराहे, धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अभी भी भिक्षावृत्ति की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भिक्षावृत्ति की आड़ में कई आपराधिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं, जिससे अपराधों को बढ़ावा मिलता है।



फाइलफोटो

**हेल्पलाइन नंबर जारी किया-** कलेक्टर ने कहा कि भिक्षावृत्ति के माध्यम से कई बार नशाखोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियां संचालित की जाती हैं। इसे पूरी तरह रोकने के लिए भारतीय नागरिक अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत इंदौर में किसी भी प्रकार से भीख लेना, देना या भिक्षा स्वरूप कोई सामान देना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इस नियम का उल्लंघन करने पर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शहरवासियों को इस मुद्दे पर जागरूक करते हुए कलेक्टर ने भिक्षावृत्ति से संबंधित किसी भी घटना की शिकायत के लिए संपर्क नंबर जारी किया है। यदि कोई व्यक्ति भिक्षावृत्ति करता हुआ या भिक्षा देता हुआ नजर आए, तो उसकी शिकायत महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी दिनेश मिश्रा को 9691494951 पर की जा सकती है।

# कंपनी के एम्प्लॉयीज ने इंदौर पुलिस की क्लास में लिया साइबर क्राइम का ज्ञान



गुड इवनिंग, इंदौर

में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए, इसके प्रति लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर राजेश दंडोतिया ने टीम के साथ वर्चल हाइट प्राइवेट सर्सिसेस में पहुंचकर, सायबर अवेयरनेस के तहत कार्यशाला में वहां उपस्थित करीब 250 एम्प्लॉयीज को विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, पोर्टल,इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में, जानकारी दी। उन्होंने सभी से कहा कि हम सभी दिन प्रतिदिन इन नई-नई तकनीकों से रूबरू हो रहे है, लेकिन जल्दबाजी में इसमें ध्यान रखने वाली सावधानियों पर ध्यान नहीं देते है और यही इन साइबर अपराधियों के लिए सबसे बड़ा मौका बन जाता है। इन खतरों से बचने का एकमात्र समाधान, इसके संबंध में जानकारी, सतर्कता और जागरुकता ही है। अतः डिजिटल किसी भी काम को करते समय पूर्ण सावधानी रखें, फर्जी लिंक, फर्जी लोन ऐप्प, फर्जी निवेश प्लेटफार्म से बचकर रहे और अपनी निजी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से शेयर ना करें।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का मुख्य सरगना धराया

**इंदौर।** लोगों के साथ हो रही ऑनलाइन फ्रांड की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए इनमें संलिप्त आरोपियों व गिरोह के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश, पुलिस कमिश्नर इंदौर शहर संतोष सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर इदौर शहर अमित सिंह व्दारा दिए गए हैं। इस परिप्रेक्ष्य में पुलिस उपायुक्त जोन-02 अभिनव विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त इंदौर जोन 02 अमरेन्द्रसिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त खजराना कुंदन मण्डलोई के व्दारा एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इस क्रम में थाना कनाड़िया व्दारा ऑनलाइन फ्राड करने वाला गिरोह को चिन्हित कर उसके मुख्य सरगना आरोपी संदीप कुमार निवासी मथुरा उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई हैं।

## डिब्बे तथा बोतल में पेट्रोल के विक्रय पर प्रतिबंध

**इंदौर।** इंदौर नगर (मेट्रोपोलिटन) की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने, जन सामान्य के हित, जानमाल एवं लोक शांति को बनाए रखने हेतु पेट्रोल पंप से डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रुप में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह द्वारा इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी 6 मई 2025 तक लागू रहेगा।

## पर्यवेक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

गुड इवनिंग, इंदौर

बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत ब्राण्ड एम्बसेडर पलक शर्मा अंतर्राष्ट्रीय गोताखोर, अनुधा चौबे कथा वाचक और काव्या जैन एक दिवस की लिटिल मेयर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधौलिया, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग जय श्रीवास्तव एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिले की लाडली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों, मेधावी छात्रों, जेण्डर चैंपियन महिलाओं हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली पर्यवेक्षकों एवं आंगनवाडी कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। उन्हें सम्मान स्वरूप प्रशस्ति-पत्र दिया गया। इस अवसर पर बाल भवन की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कथा वाचक अनुधा चौबे द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों के लिए कथा वाचन भी किया गया। अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान



# हत्या के बाद कर रहा था आत्महत्या की तैयारी, पुलिस ने समय रहते पकड़ा

गुड इवनिंग, इंदौर

कालानी नगर के कपड़ा व्यापारी सचिन चोपड़ा की हत्या करने वाले रोहित पिता रमेशचंद्र रायकवार निवासी देवगुराड़िया की गिरफ्तारी में लगी पुलिस को रैपिड़ो के रिकॉर्ड से उसका नाम और पता मालूम हुआ और उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस समय रहते नहीं गिरफ्तार करती तो वह आत्महत्या करने का मूड बना चुका था। उल्लेखनीय है कि 5 मार्च को कालानी नगर में सचिन चोपड़ा कि हत्या पैसों की लेन-देन में उसी के घर में कर दी थी। इसके बाद घर में रुक रहा हत्यारा वहां से भाग गया।

सीसीसीटीवी कैमरों के आधार पर एक संदिग्ध फुटेज पुलिस के हाथ लगा था, जिसकी जांच करते-करते पुलिस नवलखा की एक होटल तक जा पहुंची। हत्यारा सचिन के घर तीन दिन से आना-जाना कर रहा था। उस दौरान उसने कभी किसी बाइक सवार से लिफ्ट ली तो कभी रैपिडो टू व्हीलर बुक की। एक फुटेज में वह रेपिडो वाले के साथ जाते हुए पुलिस को दिखा तो पुलिस ने रैपिडो के नंबर आधार पर उसके चालक तक पहुचंकर उससे पूछताछ की। इस पर बुकिंग के दौरान जो डाटा उसने रैपिडो कंपनी की साइड पर ऑनलाइन किया था, उससे ही उसकी पहचान रोहित के रूप में हुई। पुलिस के पास फुटेज और नाम आने के बाद पुलिस उस तक आसानी से पहुंच गई और उसे गिरफ्तार कर लिया।

**गुगल पर सर्च किए आत्महत्या करने के तरीके-** जब रोहित को गिरफ्तार किया गया तो उसके पास ब्लड प्रेशर की गोलियों का एक पत्ता मिला। उससे इसके बाद में पूछताछ की तो उसने बताया कि सचिन की हत्या करने के बाद उसने गूगल पर आत्महत्या करने के तरीके सर्च किया, जिसमें एक साथ ब्लड प्रेशर की गोलियां खाने पर आत्महत्या करने का तरीका उसे सबसे सही लगा। जब वह गिरफ्तार हुआ उससे पहले उसने काफी मात्रा में बीयर पी थी। इसके बाद वह सारी गोलियां एक साथ खाने वाला था, ताकि उसकी भी मौत हो जाए और पुलिस उसे पकड़ नहीं पाए।

# न्यूजीलैंड फाइनल क्रिकेट मैच का ऑनलाइन सट्टा करने वाले आरोपी गिरफ्तार

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में ऑनलाइन जुआ, सट्टा एवं अवैधानिक गतिविधियां संचालित करने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की टीमों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि मंगलम अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर स्कीम नंबर-78 लसूड़िया क्षेत्र इंदौर में क्रिकेट मैच का सट्टा संचालित किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर के द्वारा बताए स्थान पर दबिश देते उक्त फ्लैट में 07 व्यक्ति को देखा जो मोबाइल व लैपटॉप के माध्यम से चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल क्रिकेट मैच का सट्टा ऑनलाइन संचालित कर रहा थे, जिसे टीम द्वारा पकड़ा गया।



पूछताछ पर आरोपियों ने ऑनलाइन वेबसाइट पर रुपयों से (हार-जीत) का दाव लगाकर ऑनलाइन सट्टा खिलाना बताया। साथ ही बताया, जिन ग्राहकों को सट्टा लगाना रहता है, उनसे आरोपीगण ऑनलाइन पेमेंट अलग-अलग बैंक खातों में डलवाकर ऑनलाइन आईडी एवं पासवर्ड ग्राहकों को देते थे एवं उस आईडी पर जितने रुपये ग्राहक ने जमा किये हैं, उसके पाईंट उनको उस आईडी पर देते हैं उसके बाद उक्त ग्राहक वेबसाइट में उपलब्ध गेम में हारझजीत का दाव लगाकर सट्टा खिलाना कबूला ।

आरोपियों के कब्जे से कब्जे से 52 मोबाइल ,09 लैपटॉप ,35 एटीएम कार्ड, 44 चैकबुक, 02 मॉडम , 04 मोबाइल चार्जर , 02 लैपटॉप चार्जर ,02 सट्टे के हिसाब किताब का रजिस्टर एवं ऑनलाइन सट्टे के का 20 से 25 करोड़ रुपए का लेखा-जोखा जप्त करके, आरोपियों के विरुद्ध थाना अपराध शाखा जिला इंदौर में गैंबलिंग एक्ट के साथ विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर की जा रही है। वैधानिक कार्यवाही एवं अपराध से जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोनः 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिरिराज सिकरवार**, स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।